*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00


रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 299

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

हेमंत ने 81 हजार लाभुकों के खाते में भेजे एक-एक हजार











आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,500 रु./10 ग्राम
चांदी 87,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड के चुनावी दंगल का केंद्र बना संथाल

## ■ दोनों के लिए सत्ता का द्वार तब तक नहीं खुलेगा, जब तक संथाल नहीं चाहेगा

## ■ सत्ता पक्ष से हेमंत, तो विपक्ष से बाबूलाल और हिमंता ने संभाल रखी है कमान

**झारखंड की राजनीति में संथाल परगना की भूमिका काफी अहम मानी जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सबसे बड़े सोरेन परिवार के सभी सदस्य यहां की राजनीति करते हैं। 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा बनाने के बाद शिबू सोरेन ने दुमका को अपना कार्यक्षेत्र बनाया था। दुमका संसदीय सीट से शिबू सोरेन ने आठ बार जीत दर्ज की। उनके तीनों बेटे स्वर्गीय दुर्गा सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन, सबसे छोटे बेटे बसंत सोरेन, बड़ी बहू सीता सोरेन संताल परगना से ही चुनाव लड़ती हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को सबसे बड़ी पार्टी बनाने के साथ सत्ता में लाने का काम संथाल परगना ने ही किया था। यहां की 18 विधानसभा सीटों में से 50 प्रतिशत यानी नौ सीटों पर झामुमो ने जीत दर्ज की थी, जबकि इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस ने चार (प्रदीप यादव के शामिल होने के बाद पांच) सीटें जीती थीं। भाजपा को महज चार सीटें मिली थीं। पिछले कुछ दिनों से संथाल परगना के सियासी माहौल को देखने से एक बात साफ होती है कि झारखंड की सत्ता की चाबी माने जानेवाले इस इलाके में इस बार का चुनावी मुकाबला बेहद रोमांचक होगा। इसलिए यहां दोनों ही पक्षों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। सत्ता पक्ष की तरफ से कमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथ में है, तो विपक्षी दल भाजपा की तरफ से हिमंता बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी ने कमान संभाल रखी है। भाजपा ने जहां परिवारवाद, बांग्लादेशी घुसपैठ से लेकर भ्रष्टाचार तक को मुद्दा बना रखा है, वहीं हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पैसे के बल पर घर और पार्टी को तोड़ने की साजिश का आरोप लगा कर साफ कर दिया है कि वह अपने इस अभेद्य दुर्ग को बचाने के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। एक तरफ जहां भाजपा ने संथाल मतदाताओं के दिलों में जगह बनाने के लिए गायबथान जाकर पीड़ित आदिवासी परिवार को आर्थिक मदद पहुंचायी, केकेएम कॉलेज छात्रवास जाकर छात्रों का दुख बांटा, वहीं हेमंत सोरेन ने उसका काट निकालते हुए अपनी सबसे ज्यादा महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत गायबथान से ही की। क्या है संथाल परगना में मुकाबले की तस्वीर और संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड की सत्ता की चाबी माने जानेवाले संथाल परगना का सियासी माहौल पूरी तरह चुनावी होता जा रहा है। चुनावी चर्चाएं भी परवान चढ़ रही हैं। हर तरफ अगले तीन महीने में होनेवाले विधानसभा चुनाव के बारे में बातें हो रही हैं। इन चर्चाओं में एक बात नोट करने लायक है कि लोग अब राजनीति की महीन और झीनी परतों को भी उधेड़ने से परहेज नहीं कर रहे हैं। चाहे विधायक हो या सांसद या किसी भी पार्टी का पदधारी, लोग उसके बारे में हर वह जानकारी दे देते हैं, जो पहले संभव नहीं था। यह सब सोशल मीडिया के कारण संभव हुआ है। कौन किससे मिल रहा है, कहां जा रहा है और कैसा काम कर रहा है से लेकर गलत कामों को गिनाने में आम लोग पीछे नहीं हटते। तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रमों पर लोग करीब से निगाह रख रहे हैं। इस तरह के माहौल से यह साफ हो गया है कि इस बार का विधानसभा चुनाव यहां दोनों ही पक्षों की ताकत का असली इम्तिहान लेगा। इसलिए दोनों ही पक्ष की तरफ से अभी से ही संथाल परगना में पूरी तकत झोंक दी गयी है। सत्ता पक्ष की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाल रखा है, तो विपक्षी भाजपा की तरफ से प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी लगातार सक्रिय हैं।

### संथाल का राजनीतिक परिदृश्य

इस बात में कोई संदेह नहीं कि संथाल परगना झामुमो का अभेद्य किला है। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 18 में से नौ सीटें जीत कर अपना दबदबा साबित किया था। उसकी सहयोगी कांग्रेस ने चार सीटें जीती थीं, जबकि पोड़ैयाहाट की सीट उसे बाद में मिल गयी थी। भाजपा को केवल चार सीटें मिली थीं। विधानसभा की 18 सीटों में सात अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इनमें सात आरक्षित सीटों, दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, बोरियो और बरहेट के अलावा दो अनारक्षित सीटों, नाला और मधुपुर पर झामुमो का कब्जा है। उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास पांच सीटें- जरमुंडी, पोड़ैयाहाट, महगामा, जामताड़ा और पाकुड़ हैं। भाजपा के पास चार सीटें- देवघर, गोड्डा, सारठ और राजमहल हैं। इन चार में से तीन सामान्य सीटें हैं, जबकि देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संथाल के विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। इनमें दो आदिवासी क्षेत्र, दुमका और जामा भी थे। संथाल परगना में मिली इस ऐतिहासिक सफलता ने झामुमो नेतृत्व और खास कर हेमंत सोरेन को अपनी राजनीतिक रणनीति पर दोबारा विचार करने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने संथाल की किलेबंदी पर अधिक ध्यान दिया। उन्होंने कैबिनेट में तीन स्थान (खुद को मिला कर चार) के अलावा स्पीकर भी संथाल से बनाया। जहां तक भाजपा का सवाल है, तो संथाल परगना में इस बार उसके समाने बहुत बड़ी चुनौती है।



### भाजपा के लिए चुनौती भी और अवसर भी

संथाल परगना की झामुमो ने जिस तरह किलेबंदी की है, उससे भाजपा के लिए चुनौती बड़ी हो गयी है। संथाल परगना में आदिवासियों की बहुसंख्यक आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा लंबे समय से कोशिश कर रही है। उसकी कोशिशें लोकसभा चुनाव में सफल होती दिखने लगी थीं। लेकिन हेमंत सोरेन ने इसे पूरी तरह बदल दिया है। अब संथाल में भाजपा की वापसी की राह बेहद कठिन हो गयी है। लेकिन इसके साथ ही उसके लिए इस किले को ध्वस्त करने का अवसर भी है।

### संथाल में आदिवासी अस्मिता बनाम घुसपैठ और भ्रष्टाचार

जहां तक विधानसभा चुनाव में मुद्दों की बात है, तो इस बार सत्ताधारी गठबंधन का फोकस आदिवासी अस्मिता पर ही होगा। हेमंत सोरेन ने पाकुड़ में जिस तरह भाजपा पर गुजरात-महाराष्ट्र के लोगों को झारखंड में लाने और यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को बरगलाने के साथ पैसे के बल पर घर और पार्टी को तोड़ने का आरोप लगाया है, उससे साफ हो गया है कि यह मुद्दा भी सत्ता पक्ष जोर-शोर से उठायेगा। हेमंत सोरेन अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के सामने मजबूती से रख रहे हैं। इसके अलावा आरक्षण, सरना धर्म कोड, 1.36 लाख करोड़ का बकाया, स्थानीयता नीति और केंद्रीय योजनाओं में झारखंड के हिस्से में कटौती जैसे झारखंड की जनभावना से जुड़े मुद्दे भी उनके एजेंडे में शामिल है। सत्ताधारी महागठबंधन को पता है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उसके लिए मुश्किल होगी, तो इसकी काट के लिए वह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद करने का मुद्दा उठा रहा है। खासकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंडी अस्मिता से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे लेकर 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा दिया है। इसके अलावा महागठबंधन के पास जल-जंगल-जमीन और स्थानीयता के मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखने की रणनीति बनायी है। हालांकि स्थानीय और नियोजन नीति के बारे में झामुमो अब बहुत हमला बोलने की स्थिति में नहीं है। नियुक्तियां भी पुरानी नीति के आधार पर ही हो रही हैं। 2019 में सत्ता संभालने के बाद वैश्विक महामारी के दौरान राज्य सरकार द्वार किये गये कार्यों की भी याद हेमंत सोरेन दिला सकते हैं।

### इन मुद्दों पर महागठबंधन को घेरेगी भाजपा-आजसू

जहां तक विपक्षी भाजपा-आजसू का सवाल है, तो उसके पास विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही रहेगा। इसके अलावा संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में बदलाव का मुद्दा भी उसका मुख्य हथियार होगा। हाल के दिनों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा के दूसरे नेताओं ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बना कर आक्रामक प्रचार अभियान छेड़ा था, हालांकि उसका बहुत अधिक असर नहीं पड़ा था। भाजपा के भ्रष्टाचार के हथियार पर हेमंत सोरेन को इडी द्वारा जेल भेजने का मुद्दा भारी पड़ गया था। लेकिन विधानसभा चुनाव में वह इस मुद्दे को संथाल परगना के पिछड़ेपन से जोड़ कर सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश करेगी। बीजेपी हेमंत सोरेन पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगायेगी। इसके बाद खनिजों से ही जुड़े डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट) का सवाल उठा कर भाजपा-आजसू महागठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा करेगी। वैसे संथाल पर भाजपा का सबसे बड़ा अस्त्र बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा ही है और अब वह असर भी दिखा रहा है। इसके बचाव में सत्ता पक्ष से जो कुछ भी सफाई देने की कोशिश हो रही है, वह उस पर उलटा पड़ रहा है। जैसे बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे की काट के लिए सत्ता पक्ष ने रांची, रामगढ़, जमशेदुपुर, बोकारो, धनबाद में बढ़ती जनसंख्या को आधार बनाना चाहा, लेकिन यह कारगर नहीं हो पा रहा है, क्योंकि बांग्लादेशी घुसपैठ और झारखंड में बाहरी लोगों की बढ़ती आबादी को एक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि झारखंड बनने के पहले तो यहां सभी बिहारी थे। झारखंड बनने के बाद झारखंड में निवास करनेवाले झारखंड में ही रह गये और वे वर्षों बरस से रहते आते हैं। वैसे भी डेमोग्राफी चेंज और जनसंख्या बढ़ना दोनों अलग-अलग हैं।

कुल मिला कर संथाल परगना इस बार ऐसे चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा, जो पहले कभी नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह से दोनों पक्षों ने यहां अपनी ताकत झोंक रखी है, उससे तो यही लगता है कि संथाल के रण में ही दोनों पक्षों की ताकत का लिटमस टेस्ट होगा।

---

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 26 और 27 अगस्त को मनाया जायेगा

■ कृष्ण उत्सव के मंच निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

■ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य, झांकी प्रतियोगिता मंच का भूमि पूजन समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में समिति के पदाधिकारियों के संग संपन्न कराया गया।

समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि प्रथम दिन 26 अगस्त को सायं 4:00 बजे से धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा भाव नृत्य प्रस्तुति एवं कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण के भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शन के साथ प्रस्तुति रखी जायेगी। इस अवसर पर श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है।

मुकेश काबरा ने बताया कि 2 ग्रुप में प्रतियोगिता होगी। प्रथम ग्रुप में छह महीने से लेकर छह वर्ष तक के बच्चे-बच्चियां और द्वितीय ग्रुप में सात वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे, बच्चियां भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को प्रथम, द्वितीय, पुरस्कार के अलावा सभी बच्चों के बीच सांत्वना पुरस्कार का भी वितरण किया जायेगा। सायं 4 बजे



भव्य और विशाल भगवान के स्वरूप की अलौकिक झांकी का विधिवत उद्घाटन सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्था के अध्यक्ष, सचिव सहित अतिविशिष्ट व्यक्तियों के द्वारा किया जायेगा।

27 अगस्त को संध्या 4:00 बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य मंचन का आयोजन रखा गया है।

मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार ने गोविंदाओं की टीम और बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले प्रतिभागी को 25 अगस्त के पूर्व मेन रोड, केडिया साइकिल और स्टेशन रोड पतंजलि में सतीश सिन्हा से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन करा लेने का आग्रह किया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजय जयसवाल, राज वर्मा, नीरज चौधरी, संजय सिंह, कवलजीत सिंह संटी, संतोष सेठ, मनोज तिवारी, भीष्म सिंह, नीरज चौधरी, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, ललित ओझा, मुनचुन राय, रामा शंकर बगड़िया, रवि मुंडा, संजय गोयल, अशोक पुरोहित, मुकेश मुक्ता, राजेश चौधरी, अजय वर्मा, सतीश सिंह, नीरज कुमार, जुगल दरगड, अमित चौधरी, मनीष लोधा, वीरेंद्र गुप्ता, राजू रजक, राहुल सिन्हा चंकी, अजय वर्मा, सोनू भारद्वाज, अमर कुमार, मनोज कुमार, राजू सहित काफी संख्या में सदस्य थे।

---

# 31 जेलों में बंद 17718 कैदियों से हर दिन मिल रहे 1198 लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 31 जेलों में बंद कैदियों से हर दिन 1198 लोग मुलाकात कर रहे हैं। बीते 18 दिनों की बात करें, तो 21570 लोग जेल में बंद कैदियों से मिलने आये हैं। बता दें कि झारखंड में कुल 31 जेल हैं। इनमें सात सेंट्रल जेल, 16 डिस्ट्रिक्ट जेल, हजारीबाग में एक ओपन जेल और सात सब-जेल हैं। इन जेलों में कुल 17718 कैदी बंद हैं। इनमें 12397 अंडर ट्रायल और 5321 सजायाफ्ता कैदी हैं।

**कारगर साबित हो रहा ई-प्रिसन पोर्टल :** भारत सरकार ने जेल में बंद कैदियों से मुलाकात के लिए ई-प्रिसन पोर्टल लॉन्च किया है। ई-प्रिसन पोर्टल के माध्यम से झारखंड में हर दिन जेल में बंद कैदी से लोग मुलाकात कर रहे हैं। एनआइसी ने ई-प्रिसन पोर्टल को विकसित किया और इसे दिसंबर 2014 में झारखंड में लागू किया। इस एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य झारखंड के कारा विभाग के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना है। यह एप्लीकेशन बंदियों में सुधार, व्यापक पारदर्शिता और केंद्रीकृत डेटाबेस नियोजन और प्रबंधन, बंदियों की बेहतर दक्षता और जवाबदेही को बढ़ावा देता है। इस पोर्टल के माध्यम से जेल में बंद कैदी के परिवार का कोई भी सदस्य घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात कर सकता है। इतना ही नहीं, इस पोर्टल के जरिये जेल में बंद कैदी से फेस टू फेस मिलने के लिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



### झारखंड में 856 महिला कैदी, पर एक भी महिला जेल नहीं

**झारखंड में कुल 868 महिला कैदी हैं, पर यहां अब तक महिला कैदियों के लिए अलग से जेल नहीं बनाया गया है। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल और बिहार में महिलाओं के लिए अलग से जेल है। बिहार में 2890 महिलाएं जेल में बंद हैं। बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, गुजरात जैसे राज्य में दो-दो महिला जेल हैं। तमिलनाडु जैसे राज्य में 13 महिला जेल हैं, जिसमें 790 महिला कैदी को रखा गया है। केरल के चार महिला जेलों में 186 महिला बंदी हैं। राजस्थान में सात महिला जेल में 688 महिला बंदी हैं।**

---

मंईयां योजना पर अमर बाउरी का सवाल

# बैनर, योजनाओं से चंपाई सोरेन का नाम क्यों किया गया गायब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सीएम के स्तर से रविवार को शुरू की गयी मंईयां योजना पर सवाल किया है। एक्स पर सवाल करते कहा कि मुख्यमंत्री पाकुड़ के गायबथान में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरूआत करने गये थे। पर विडंबना देखिए कि वहीं के जिस होपनी मरांडी, दांदु हेंबरम,रानी मुर्मू की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा लूट ली गयी थी, उसे नहीं लौटाया। झामुमो-कांग्रेस ने गरीबों को 72,000 सालाना देने का वादा किया था। हेमंत सोरेन के झूठे वादे की थोड़ी भरपाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बहन-बेटी माई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना पर अपनी मुहर लगायी थी। अमर के अनुसार हेमंत सरकार के बैनरों व योजनाओं से चंपाई सोरेन का नाम व निशान गायब है। फिर जेल से बाहर निकले हेमंत सोरेन और उन्होंने झ व सत्ता हथियाना का खेल शुरू किया। खैर, दूसरों के किये गये कार्यों पर क्रेडिट लेना और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दिये गये नौकरियों के नियुक्ति पत्र बांटने में मुख्यमंत्री हेमंत पारंगत प्राप्त हैं। कहते हैं ना कि नकल के लिए भी अकल की जरूरत होती है नहीं तो शक्ल बिगड़ जाती है। झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार की शक्ल पूरी तरह बिगड़ चुकी है, अंतिम गिनती चालू है।



---

# हड़ताल के बीच रिम्स के इमरजेंसी वॉर्ड में हो रहा मरीजों का इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता में जूनियर महिला ट्रेनी डॉक्टर का रेप और हत्या के विरोध में आज छठे दिन भी रिम्स के जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं। राज्य के हर कोने से मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। लेकिन ओपीडी सेवाएं बंद होने के कारण मरीजों को लौटना पड़ रहा है। इलाज कराने आये मरीजों का कहना है कि उन्हें इस स्ट्राइक के बारे में पता नहीं था। लेकिन ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद होने के कारण वापस लौटना पड़ रहा है। जूनियर डॉक्टर्स के हड़ताल की वजह से मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### इमरजेंसी सेवाएं बहाल

**दूसरी तरफ रिम्स अस्पताल में इमरजेंसी सेवाओं को बहाल रखा गया है। डॉक्टर अपनी जिम्मेवारी समझते हुए पूरी तरह से इमरजेंसी वॉर्ड में मरीज का इलाज कर रहे हैं। शनिवार को भी 24 घंटे के स्ट्राइक के दौरान 400 से अधिक मरीजों का इमरजेंसी में इलाज किया गया। रविवार की शाम जूनियर डॉक्टर हड़ताल को लेकर आगे का फैसला ले सकते हैं।**

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बरकट्ठा थाना कांड संख्या-45/24 धारा 21(बी)/22(बी) एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त राजेश प्रसाद उर्फ राजेश मंडल पिता बासुदेव प्रसाद उर्फ बासुदेव महतो ग्राम सलैया निवासी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## जहर खाकर महिला ने कर ली आत्महत्या

कोडरमा (आजाद सिपाही)। अगले सुबह तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट गली में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान सुलेखा देवी (उम्र 30 वर्ष, पिता अजीत कुमार राय) ग्राम झुमरी तिलैया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर महिला के जहर खा लेने से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गयी।

# हल्की बारिश में बहा वन क्षेत्र में बना चेकडैम, टूटा संपर्क

**गांव में हुई बाढ़ जैसी तबाही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले में जारी विकास की पोल खुल गयी, जब कोडरमा प्रखंड के मेघातरी के कुशहना गांव में बना चेकडैम हल्की बारिश भी नहीं झेल पाया। नतीजा चेकडैम के बह जाने से कई गांव का संपर्क टूट गया। वहां बाढ़ का नजारा देखने को मिला। डैम के टूटने से सरकारी विद्यालय व कई घरों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं कई मवेशी पानी में बह गये। प्राथमिक विद्यालय कुशहना में भी भारी नुकसान पहुंचा जहां विद्यालय में रखे मध्यान भोजन बनाने वाले अनाज, बच्चों के खेलकुद का समाज व कई जरूरी दस्तावेज बर्बाद हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक चेकडैम टूटने की जोरदार आवाज के साथ गांव में पानी घुसना शुरू हुआ। इधर डैम टूटने की घटना की खबर पाकर कोडरमा सीओ व वन विभाग की टीम पहुंची। यहां डैम का निर्माण किस विभाग के द्वारा किया गया था, कोई बताने को तैयार नहीं था। पर बताया जाता है कि वन विभाग अंतर्गत वन्य प्राणी आश्रयणी कोडरमा प्रमंडल से उक्त चेकडैम का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि दो साल पहले भी मरम्मति करायी गयी थी और बड़ी राशि की निकासी कर ली गयी। इधर इस बाबत कोडरमा रेंजर रामबाबू ने बताया कि पता नहीं कौन विभाग से बना है। यह पूछे जाने पर कि वन विभाग में आपके बिना सहमति के कौन विभाग ओर कब बना था तो उन्होंने कहा कि बहुत पहले इसका निर्माण किया गया था, कह कर फोन कट कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक नीरा यादव के निदेर्शानुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेघातरी पंचायत के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और उनके बीच चूड़ा, गुड़, सत्तू और बिस्कुट का वितरण किया। मौके पर कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय, बैजनाथ यादव, दिनेश सिंह, पूर्व प्रमुख राजकुमार यादव, राजेश सिंह राजू भैया, संजीव यादव, राजा सिंह, रविंद्र यादव, नरेंद्र सिंह मौजूद थे।

### केशव महतो कमलेश और रामेश्वर उरांव को कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी ने दी बधाई

# केशव महतो कमलेश की नियुक्ति से झारखंड कांग्रेस को मिलेगी नयी ऊर्जा : रेणु कुमारी

**ओबीसी प्रदेश सचिव ने कहा कि केशव महतो कमलेश हमेशा ओबीसी समुदाय के हितों के लिए मुखर रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता के रूप में रामेश्वर उरांव की नियुक्ति पर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने कहा कि केशव महतो कमलेश की नियुक्ति से झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें ओबीसी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ेंगे और संगठन को सशक्त करेंगे।

रेणु कुमारी ने केशव महतो को जमीनी स्तर से जुड़े नेता बताया और कहा कि वह हमेशा ओबीसी समुदाय के हितों के लिए मुखर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, केसी वेणुगोपाल, गुलाम मीर अहमद और पवन खेड़ा का आभार व्यक्त किया।

# बुद्धिजीवी मंच ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में शामिल हुए कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह बहेरी पंचायत भवन में आयोजित मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह समारोह बुद्धिजीवी मंच हजारीबाग (शिक्षकों) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बौद्धिक परीक्षा बहेरी, चानो, सखिया, ओरिया, सेतागाढ़ा, इत्यादि क्षेत्रों से आए बच्चों के लिए कराई गई। मुन्ना सिंह ने कहा की आज के ये बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। इनकी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को सम्मानित करना न केवल इन्हें प्रेरित करेगा, बल्कि पूरे समाज को एक सकारात्मक दिशा भी देगा। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इन बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने में हर संभव सहायता प्रदान करें। शिक्षा और ज्ञान ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा हम एक उन्नत समाज की ओर बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत के मुखिया इंतियाज, छत्री गोप, दसरथ प्रसाद, प्रेम प्रसाद राणा, विनोद पासवान, सुनील यादव, सतीश राम, दिनेश, राजु, लालवीर राणा, अजीत इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बसों के टिकट पर नाम और पंजीयन नंबर को लेकर सीएम को सौंपा जायेगा ज्ञापन

**31 तक चलेगा ग्राहक पंचायत का सदस्यता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदस्यता अभियान, सितंबर माह में प्रांत बैठक और आगामी योजना को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक ग्राहक पंचायत कार्यालय में हुई। बैठक में विशेष रुप से प्रांत उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता और प्रांत सचिव अरविंद राणा उपस्थित थे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रेम राणा, नगर संयोजक योगेश कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, संजय कुमार, प्रमोद कुमार यादव, जिला सदस्य अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**बस टिकट पर नाम और पंजीयन को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपेगी ग्राहक पंचायत :** बैठक में जानकारी दी गयी कि पिछले चार माह से ग्राहक पंचायत परिवहन उप सचिव ज्ञापन देकर यात्री बसों द्वारा दी जाने वाली टिकट पर बस का नाम और उसका पंजीयन नंबर देने की मांग कर रही है। इस बाबत एक कदम भी आगे विभाग नहीं बढ़ी है। जबकि मोटर अधिनियम में अनिवार्य रुप से वाहन का नंबर और नाम देने का प्रावधान है। सदस्यों ने कहा कि ग्राहक पंचायत का स्पष्ट मानना है कि जब हम बीमा से लेकर अन्य सारी सुविधाओं के लिए पैसे देते है। ऐसे में बस का नाम और नंबर नहीं रहेगा तो आपात परिस्थिति में उसका लाभ यात्री को नहीं मिलेगा। बैठक में सर्व सम्मति से सीएम, परिवहन मंत्री और परिवहन सचिव को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।

# ढाई करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क का विधायक ने शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौल में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मूरकटी मुख्य पथ तक लगभग 2.2 किलोमीटर सड़क का स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद में विधिवतपूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। उक्त सड़क निर्माण में लगभग ढाई करोड़ की लागत आएगी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर हुआ है। चंदौल पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का ढोल बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया एवं सड़क निर्माण शुरू होने पर आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया चंदौल टुकनी देवी, आसेस्वर राम, रघुवीर राम, अनिल दास, विनोद यादव, उप मुखिया शमशेर आलम,दिनेश्वर पासवान, सुमा देवी, प्रभु यादव, लालू यादव, अशरफ, सुरेश मास्टर सहित कई लोग मौजूद थे।

## क्रीमी लेयर और वर्गीकरण के खिलाफ 21 को भारत बंद रहेगा : प्रकाश रजक


कोडरमा (आजाद सिपाही)। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति सतगावां प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड मुख्यालय सतगावां में प्रमुख प्रतिनिधि रामाअवतार चौधरी की अध्यक्षता में हुई। संचालन ऋषि राजन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कमिटी के नेताओं ने कहा कि 1 अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर एससी एसटी के आरक्षण समाप्त करने और क्रीमी लेयर लागू करने और वर्गीकरण करने जैसा कानून लागू किया गया है, जो दलितों में काफी आक्रोश है। दलितों को 2 अप्रैल 2018 का आंदोलन का इतिहास दोहराने पर मोदी ने मजबूर किया है। 21 अगस्त 2024 को संपूर्ण भारत बंद करने की तैयारी जबरदस्त तरीके से चल रही है। सतगावां में भी पूरा बाजार बंद करने का फैसला लिया गया है। वही 20 अगस्त को संध्या 5:00 बजे सभी प्रखंडों में और झुमरी तिलैया में भी मशाल जुलूस निकालकर दुकानदार भाइयों वाहन मालिकों ऑटो चालकों बस मालिकों से बंद करने का अपील किया जायेगा। बैठक में मनोज रजक, प्रकाश अंबेडकर, प्रकाश रजक, संजय, अशोक राजवंशी, सरयू, लखन, शंभू, मनोज, रंजन, संजय रेखा देवी आदि मौजूद थे।

## सीपीएल क्रिकेट लीग मैच का खिताब बादम ने किया अपने नाम, अंबा प्रसाद ने किया पुरस्कृत



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम चेपाखुर्द में पिछले दिनों से विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा चेपाखुर्द प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़कागांव व केरेडाड़ी के कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें चेपाखुर्द बनाम बादम के टीमों के बीच फाइनल महामुकाबला खेला गया जिसमें बादाम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 128 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए चेपाखुर्द की टीम ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 102 रन ही बना पायी और चेपाखुर्द की टीम ने 22 रनो से मैच हार गयी। मैच के मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को कप व चेक देकर सम्मानित किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, केवल उसे सही दिशा दिखाने की आवश्यकता है। जब भी जहां मुझे मेरी आवश्यकता होगी, मैं हमेशा खेल को आगे बढ़ाने के लिए आप लोगों के साथ खड़ी रहूंगी। मौके पर मुख्यरूप से मुख्यातिथि अंबा प्रसाद,पूर्व कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, हाजी तबसूम,पंकज कुमार ,पंचायत समिति सदस्य फयूम अंसारी, रियासत हसन, शमशेर अल्कम, कुलेश्वर राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पश्चिम बंगाल में शासन-प्रशासन की विफलता दुर्भाग्यपूर्ण : कौटिल्य मंच



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ विभत्स तरीके से दुष्कर्म और फिर हत्या ने संपूर्ण बंगाल राज्य ही नहीं मानवता को भी शर्मसार किया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है- यह कथन है झारखंड प्रदेश के कौटिल्य मंच के सचिव चंद्रभूषण मिश्रा का। कौटिल्य मंच से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बर्खास्त करने तथा अपराधियों को अत्यंत ही कठोर दण्ड देने की मांग की है। जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रभूषण मिश्रा, संतोष सिंह, सुनीता देवी, माया मिश्रा, रजनी चावला, मनीष सोनी, शिव सिंह, रामबालक सिंह, अजय मिश्रा, सुनील कुमार, मेघा मिश्रा, संतोष इत्यादि शामिल है।

## भाजयुमो की जनाक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी : बटेश्वर



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। 23 अगस्त को भाजयुमो की जनाक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। झारखण्ड में हेमंत सोरेन के राज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का यह उलगुलान होगा। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की हेमंत सोरेन के सरकार में राज्य में अराजकता का माहौल है और लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। अपराधी बेलगाम और निरंकुश हो गये हैं। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि विशाल जनाक्रोश रैली की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसे लेकर राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय बैठकें भी हो चुकी है। भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों- पंचायतों में पंहुचकर 23 अगस्त को आयोजित होने वाले जनाक्रोश रैली में रांची चलने का आवाह्न करने की भी बात कही। उन्होंने इसकी विधिवत शुरूआत भी कर दिया है ।

## बुलेट ट्रेन चले, लेकिन किसी का आशियाना तोड़ने नहीं दिया जायेगा : उमेश यादव

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तमाय में रेलवे द्वारा बुलेट ट्रेन को गांव के बीच से चलाने को लेकर ग्राम पंचायत तमाय में सर्वे की सुगबुगाहट के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता उमेश यादव ने कहा कि बुलेट ट्रेन चले पर इसके लिए सर्वे के आधार पर किसी का आशियाना तोड़ने के बजाय रेलवे अपना रूट बदले। किसी भी कीमत पर ग्रामीणों के आशियाना को उजड़ने नहीं दिया जायेगा। पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने कहा कि इस समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराना जरूरी है नहीं तो पूरा गांव तहस नहस हो जायेगा। वजीर साव ने कहा कि केटीपीएस द्वारा अधिग्रहण की मार से हमलोग पहले से ही घायल है और अब रेलवे के अधिग्रहण से हमलोग बर्बाद हो जायेंगे।

# कर्मचारियों की मांग पूरा कर हड़ताल समाप्त करायी जाये : सीटू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** अपने लंबित मांगों को लेकर पिछले 22 जुलाई से समाहरणालय और उसके अधीन विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में समाहरणालय स्थल पर धरना दे रहे हड़ताली कर्मियों को सीटू ने अपना समर्थन देकर एकजुटता का आह्वान किया। राज्य सरकार से जनहित में कर्मचारियों की मांगों को तर्कसंगत और कर्मचारी हितैषी समाधान करने की मांग किया और हड़ताल को तुरंत समाप्त करने का आग्रह किया है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का निराकरण न किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस हड़ताल के कारण कर्मचारियों के साथ साथ राज्य की जनता के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। सरकार द्वारा अनुमोदित समिति की सिफारिश के अनुसार कर्मचारियों के वेतन ग्रेड का संशोधन, पदों का सृजन, पदोन्नति के लिए मौजूदा निर्धारित समय अवधि में कमी, मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोगेशन (एमएसीपी) के अनुसार पदोन्नति सुनिश्चित करने, पदनामों का गरिमापूर्ण और भव्य नामकरण, विभागीय परिक्षाओं तथा कर्मचारियों का उपरी वर्गीकरण के मानदंडों में संशोधन, कार्य और जिम्मेदारियों का तर्कसंगत पुनर्निर्धारण, संविदा कर्मियों को नियमित करने तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सरकारी कर्मचारियों के रूप में सुनिश्चित करने जैसी हड़ताली कर्मचारियों की मांगों के प्रति सीटू की राज्य कमिटी समर्थन और एकजुटता देते हुए तमाम ट्रेड यूनियन, जनवादी संगठन तथा समाज के सभी लोगों से इस हड़ताल को समर्थन करने का अपील करता है। सीटू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि हड़ताल पर गए कर्मचारी संगठन से वार्ता कर जनहित में हड़ताल समाप्त कराये जाने की पहल की जाये। धरना को सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति, झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव शशि कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष शशिकांत मणि आदि ने सम्बोधित किया। धरना में कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, मो इंतखाब आलम, सुनील कुमार रजक, गिरधारी, तानेश्वर राम, पंकज, किस्लय, प्रेम नारायण, चंद्रशेखर, शैलेंद्र, श्रवण, रौशन, रूपा सहित दर्जनों हड़ताली कर्मचारी मौजूद थे।

### जेएमएम और कांग्रेस छोड़ सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

# बड़कागांव को विकास की राह पर लाना है : रोशनलाल

**विकास का प्रयाय है आजसू पार्टी : दिलीप दांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** प्रखंड के तलसवार में दिन रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम ने किया। समारोह में मुरली महतो, शिवचरण कुमार और जगदीश कुमार के नेतृत्व में कई बड़े चेहरे समेत सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस जेएमएम छोड़कर आजसू पार्टी व बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के कार्य और नीति सिद्धांत को देख पार्टी का दामन थामा। मौके पर सभी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों को अजु नेता रोशन लाल चौधरी सहित अन्य नेताओं के द्वारा माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में स्वागत किया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए आजसू नेता रोशनलाल चौधरी ने कहा कि जो आशा उम्मीद और नीति सिद्धांत से प्रेरित होकर आप लोगों ने आज पार्टी का दामन थामा है। उस उम्मीद पर मैं हमेशा खरा उतरूंगा और जो काम 15 वर्षों में नहीं हुआ वो मैं 5 वर्षों में कर दिखाऊंगा।

विगत 15 वर्षों से यहां पर सिर्फ लोगों को भ्रम, सिंपैथी और लालच के साथ रंगीन सपने दिखाकर एक ही परिवार के लोग राजभोग रहे हैं। जब चुनाव आता है तो जनता याद आती है, उनके आंख से झूठ के आंसू निकलते है। पूरे बड़कागांव विधानसभा में विस्थापन सबसे बड़ा मुद्दा है और इन्हीं मुद्दों को अपना चारागाह समझ अपना राजनीतिक रोटियां सेंकते है। कई बसे बसाये गांव उजड़ गये, लेकिन उन विस्थापितों के लिए एक आंसू तक नहीं निकला, लोग बेरोजगार हो गये उनके लिए किन्ही को वहां पर रोजगार नहीं मिला और मिला तो सिर्फ विस्थापन, पुलिस की गोलियां, लाठी डंडे और फर्जी मुकदमे, धूल कण अनेकों बीमारियां। अगर मुझे मौका मिला तो मै यह भरोसा दिलाता हूं कि जो विकास विगत कई सालों से नहीं हुआ वह मैं 5 वर्षों में पूरा करके दिखाऊंगा। वहीं सभा को रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी, शशि मेहता, केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, रामचंद्र साव ने भी किया।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद और अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि आज का सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करना, ताकि बच्चे स्कूल के साथ-साथ घर पर भी पढ़ने पर ध्यान दें। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शंभू शर्मा, काजल, नेहा, रामजतन गोस्वामी, मनीता कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डिजनीलैंड जलपरी कार्निवल दुबई सिटी थीम पर हजारीबाग में आ गया धूम मचाने



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के गांधी मैदान में डिजनीलैंड मेला की शुरूआत हो चुकी है। यह अब तक का सबसे बड़ा और अनोखा डिजनीलैंड मेला इस बार हजारीबाग शहर में डिजनीलैंड जलपरी कार्निवल दुबई सिटी थीम के साथ हजारीबाग में धूम मचाने के लिए आ गया है। जिसका भव्य उद्घाटन समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर विधिवत रूप से किया। इस बार मेले में धूम मचाने और आकर्षण के लिए पहली बार जलपरी, रेंजर झूला, टोरा - टोरा, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन, ड्रैगन का मजा लेंगे। मेले में इस बार दुबई की गगनचुंबी बिल्डिंग जैसे - बुर्ज खलीफा, ट्विन टावर, एफल टावर भी देखने को मिलेगा। मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुकेश गिरी, विक्रम सिंह, मनोज सिंह, आशीष कुमार, शुड्डू, सद्दाम, चिंटू, सनातन, मनीष सहित कई लोग अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# सेना के मेजर पर दिल्ली की युवती ने करायी प्राथमिकी, शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और हत्या की कोशिश का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में सेना के एक अधिकारी मेजर अमित पर शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने, बंधक बनाने और उसे जान से मारने की साजिश रचने के आरोप में महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। यह प्राथमिकी पूजा नामक युवती ने दर्ज करायी है। इसमें आइकॉनिक पार्लर की मालकिन अनु सिन्हा, एकता शर्मा, सुमित अग्रवाल समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि हत्या की साजिश रचने में रामगढ़ के कई नामचीन लोग शामिल हुए। किस्मत अच्छी थी कि उस लड़की की जान बच गयी। वह रामगढ़ से भाग कर दिल्ली पहुंची।

## मेजर अमित ने दिया शादी का झांसा

पीड़िता 38 वर्षीय पूजा देवी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके की रहने वाली है। उनके पिता मदन सिंह रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर हैं। उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए शादी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाया था। इसी प्रोफाइल से उसकी दोस्ती रामगढ़ के सिख रेजिमेंटल सेंटर में पदस्थापित मेजर अमित कुमार से हुई। अमित कुमार ने उन्हें बताया कि उनकी पहली पत्नी से उनका डिवोर्स होने वाला है। उसके बाद ही वह शादी कर सकते हैं। लेकिन पिछले 6 साल से मेजर अमित कुमार और पूजा देवी के बीच लगातार बातचीत होती रही। मई महीने में अचानक मेजर अमित कुमार ने पूजा को बताया कि उसके घर वाले जबरन उसकी शादी कहीं और कर रहे हैं। उसे जल्द ही रामगढ़ जाकर उनके परिवार वालों से मिलना होगा।

**13 मई को रामगढ़ पहुंची युवती को आइकॉनिक पार्लर में बनाया गया बंदी** : पूजा ने पुलिस को बताया कि 13 मई को वह रामगढ़ स्टेशन पर पहुंची तो आरपीएफ पर्सनल डीएन प्रसाद ने उन्हें बताया कि मेजर अमित कुमार की बहन उनसे मिलकर उनको घर ले जायेंगी । स्टेशन पर अनु सिन्हा नामक महिला उनसे मिली और वह उसे लेकर आइकॉनिक ब्यूटी पार्लर पहुंच गयी। यहां अमित ने उन्हें बताया कि उसकी पोस्टिंग रांची में हो गयी है और वह शाम तक लौटेगा। अनु सिन्हा ने पूजा को घर न ले जाकर आइकॉनिक ब्यूटी पार्लर में ही बंदी बना दिया। शाम को जब अमित वहां पहुंचा तो उसने पूजा के साथ जबरदस्ती की और जमकर मारपीट की। कुछ देर बाद अनु सिन्हा और अमित ने उसे पार्लर से बाहर निकाल दिया। इस दौरान अमित ने यह भी बताया कि उसने दो साल पहले ही मंदिर में शादी कर ली है और वह अब उसके साथ कोई संबंध नहीं रखेगा।

## होटल में रुकी युवती को दामोदर नदी ले गये साजिशकर्ता

पूजा ने पुलिस को बताया कि उसने रात पायल होटल में गुजारी। सुबह 4:00 बजे अमित की पत्नी एकता शर्मा उनसे मिलने आयी और उसे कार में बिठाकर होटल ट्रीट ले गयी। जहां अमित के साथ उसका भाई सुमित अग्रवाल भी मौजूद था। एकता, सुमित और अमित ने मिलकर उसके जमकर पिटाई की। वे लोग उससे कॉल और चैट की डिटेल मांग रहे थे। नहीं देने पर उन लोगों ने दामोदर नदी तट पर उसे जान से मारने की कोशिश की। साथ ही उसे जिंदा दफनाने का भी प्रयास किया। लेकिन वह वहां से भाग निकली।

## 17 मई को अनु सिन्हा ने छीन लिया फोन

पूजा ने बताया कि 17 मई को आइकॉनिक ब्यूटी पार्लर की मालकिन अनु सिन्हा ने उसका फोन छीन लिया। इसके बाद 20 मई को सुमित अग्रवाल की पत्नी ने रामगढ़ महिला थाने में ही उसके खिलाफ झूठी शिकायत की। जांच के दौरान महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर को पूजा ने अपने शरीर के चोट के निशान भी दिखाए। इसके बाद वह वहां से दिल्ली लौट गयी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
CCL Fuelling Sustainable Growth

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# होटल खुलने से ग्राहकों को मिलेगी बेहतर सुविधा : सांसद चंद्रप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर राष्ट्रीय उच्चमार्ग 23 पर होटल का उद्घाटन किया गया, होटल खुलने से मां छिन्नमस्तिका मंदिर आनेवाले श्रद्धालुओं को अब बेहतर भोजन के साथ ठहरने की सुविधा मिल पायेगी। सुविधा युक्त होटल होने के कारण परिवार के साथ मिलकर यहां लजीज व्यंजन का स्वाद ले सकते हैं। चितरपुर इलाके में इस तरह की सुविधायुक्त होटल की जरूरत थी जो अब पूरा हो गया। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा चितरपुर रजरप्पा मोड़ में खुले नवनिर्मित होटल हाईवे के उद्घाटन फीता काटकर किया तत्पश्चात उन्होंने कहा की लोगों को रियायत दर कमरा एवं भोजन मिलेगा जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, प्रमुख द्रोपदी देवी, युवा आजसु नेता पीयूष चौधरी मौजूद रहे। होटल के संचालक अनुराग भारद्वाज ने कहा की होटल में खाने व ठहरने की व्यवस्था है। कई प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं, जबकि कमरे वतानुकूलित है व नॉन एसी रूम आदि की बेहतर सुविधाए मौजूद है। इस मौके पर अशोक भारद्वाज राजेश पांडेय आजसू केंद्रीय सदस्य अमृतलाल मुंडा, इंतखाब आलम राजेश महतो, राजनंदन महतो, गंगाधर महतो, जगदीश महतो, सुबिन तिवारी, सतीश महतो, सतीश मुंडा, राजकिशोर महतो, बालकृष्णा ओहदार, मलेश्वर नायक मौजूद थे।

### आदिवासी कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह में रामगढ़ पहुंचे रामेश्वर उरांव

# कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक है रामगढ़ की धरती, चुने जायेंगे प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** संविधान की वजह से आरक्षण सभी को मिल रही है, जब संविधान ही नहीं रहेगा तो आरक्षण कैसे मिलेगा। महिलाओं के मान-सम्मान को लेकर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी के तहत मईयां सम्मान योजना गेम चेंजर है, जिससे विपक्ष में खलबली मच गयी है, राहुल गांधी ने कहा था कि संविधान बचाना है तो आरक्षण बचाना है उक्त बातें रविवार को आदिवासी कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह में पहुंचे राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से किसी को भी या संदेह नहीं है कि यह सरकार दुबारा नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है, यहां से कई बार कांग्रेस के प्रतिनिधि विधानसभा गए हैं, आने वाले आगामी विधानसभा में निश्चित रूप से एक प्रतिनिधि कांग्रेस का चुना जायेगा। कोलकाता में हुई घटना पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार का कर्तव्य बनता है कि उनकी सुरक्षा कैसे किया जाए। हमारे यहां इस तरह के दरिंदे नहीं है अगर होते तो उन्हें बक्शे नहीं जायेगा।



## विभिन्न समाज को एकजुट कर कांग्रेस को मजबूत बनाना है : रियाज अहमद

**समारोह का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को रामगढ़ विधानसभा में जीत निश्चित कैसे किया जाए इसकी रणनीति तैयार की गयी है, इसे कहते हैं आज आदिवासी समाज के अलग-अलग प्रखंडों से सैकड़ो लोग पहुंचे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाज को एकजुट कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर एक बार फिर रामगढ़ विधानसभा को मजबूत बनाना है। इसके लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक किया जा रहा। जिसे आगामी विधानसभा में रिजल्ट दिखेगा।**

**समारोह में रियाज अहमद को विधानसभा की टिकट देने की मांग** : समारोह के दौरान आदिवासी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद विधानसभा से टिकट देने की मांग को लेकर पार्टी के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के समक्ष बातों को रखा। **प्रखंड और नगर कमेटी का विस्तार** : समारोह के दौरान आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गगन करमाली ने रामगढ़ जिला प्रखंड और नगर कमेटी का विस्तार किया। इस दौरान मंत्री रामेश्वर उरांव ने रामगढ़ नगर अध्यक्ष शिवम उरांव, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष अजय करमाली, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश करमाली, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष रमेश बेदिया, नगर परिषद अध्यक्ष शुभम करमाली, जिला उपाध्यक्ष सुरेश करमाली को पार्टी के प्रति समर्पित भाव के साथ कार्य करने को लेकर दायित्व सौंपा।

**ये थे उपस्थित**

समारोह में आदिवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जोसाई मरांडी, पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, तारिक अनवर, संजय साहू, रमेश करमाली, टिंकू खान, आजाद सिंह, मंजू देवी, किरण देवी, कमला देवी, पूनम देवी, बीना देवी, बंटी खान, समीर हुसैन, साजिद खान, संतोष नायक, विकास बेदिया, कल्लू करमाली, फागु करमाली, बाबूलाल महली, जय कुमार राम, नितेश कुमार, बादल करमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आगामी 21 अगस्त को संपूर्ण भारत बंद को लेकर एससी-एसटी हुए गोलबंद

# बलिदान हो जायेंगे, लेकिन संविधान में छेड़छाड़ नहीं होने देंगे : सुभाष दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** सर्वोच्च न्यायलय द्वारा संविधान में संशोधन के विरुद्ध में आगामी 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंद को लेकर पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार स्थानीय नगर भवन में रविवार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुभाष दास, संचालन देवकी रजक ने किया। बैठक में शामिल सभी ने एक स्वर में सर्वोच्य न्यायलय द्वारा आरक्षण में किया गया छेड़छाड़ को विरोध किया। जिसके विरोध में आगामी 20 अगस्त को विशाल मोटरसाइकिल रैली और शाम में मशाल जुलूस निकालकर बंदी को आगाज करेंगे एवं 21 अगस्त को संपूर्ण भारत बंद करने के लिए एससी-एसटी के लोग गोलबंद हुवे। वही बंदी का नेतृत्व कर रहे सुभाष दास ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद में छेड़छाड़ करने की विचार कैसे आया? ऐसे विचार वालों के खिलाप भी पूरे देश मे आंदोलन किया जायेगा। फिलहाल अनुच्छेद में छेड़छाड़ और वर्गीकरण के मामले में हम सभी एससी-एसटी के लोग काफी आक्रोश में हैं, जिसके खिलाप 21 अगस्त को भारत बंदी कर चेतावनी दी जा रही है। अंततः जान जायेगी लेकिन संवीधन में छेड़-छाड़ होने नही दिया जायेगा। इस मौके पर सुबेश राम, रामवातार राम, संतोष नायक, प्रयाग दास, पवन पासवन, लखन भोगता, सिकंदर पांसी, लखन उरांव, सुनील नायक, प्रमोद नायक, प्रिया कुमारी, उपस्तिथ थें।

# दशरथ मांझी की पुण्यतिथि और जन्मदिवस पर सरकारी अवकाश घोषित करे सरकार : उमेश भारती

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति,चतरा के तत्वाधान में जिले के सभी 12 प्रखंडों में पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी की 17वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। चतरा ग्रामीण भुइयांडीह जोरी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने कहा कि अपने भुजाओं के दम पर एक छेनी और हथौड़ी से पहाड़ तोड़कर देश और समाज के लिए रास्ता का निर्माण किया। वैसे महापुरुष को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया जाना बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने एक पत्नी के प्रेम में पूरे 22 वर्षों तक हथौड़ी और छेनी से असंभव को संभव में बदल दिया। उमेश भारती ने कहा कि आज दशरथ मांझी जी के चरणों को छूकर शपथ लेकर जाएं कि आज से हम सभी को वर्षों से राजनीतिक उपेक्षित करने वाले सभी राजनीतिक पार्टियों को आने वाले 2024 के विधानसभा में हथौड़ा चला कर विधानसभा की प्रतिनिधित्व के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात दशरथ मांझी जी ने कहा की भगवान के भरोसे मत बैठिए, क्या पता भगवान आप ही के भरोसे बैठे हो। इस मौके पर प्रभु भारती, जयराम भारती, दिनेश भारती, जयराम भुइयां, मुकेश भारती, सदानंद भुइयां, अशोक भुइयां, नेमन भारती, आनंद भारती, बिहारी भारती, सरजू भुइयां, गिरेंद्र भुइयां, गोवर्धन भुइयां,अजीत भारती, दयानंद भारती, सुशील भारती, अनिल भारती, रणवीर भारती, टिंकू भारती, शैलेंद्र भारती, श्यामनरायण भारती, चंदन भारती, विनोद भुइयां, संजय भारती, सुरेश भारती, संतोष भारती, अभय भारती, बाढ़ो भारती, सरवन भारती, इंद्रदेव भुइयां, अनीता देवी, संजू देवी फगुनिया देवी ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## विस्थापित वाहन मालिक संघ पांच सूत्री मांग को लेकर 1 सितंबर से जायेगा हड़ताल पर



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ की बैठक संघ कार्यालय में रविवार को की गयी। इसकी अध्यक्षता अरविंद कुमार, संचालन अरविंद सिंह चतरा के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ट्रक परिचालन और भाड़ा में लगातार गिरावट पर विशेष चर्चा की गयी। सभी वाहन मालिकों ने क्रमशः अपने बात को रखा। सभी ट्रक एवं पे लोडर मालिकों ने एक स्वर में एक सितंबर से हड़ताल में जाने की बात कही, बैठक में पांच प्रस्ताव पारित किया गया, इसमें एक सितंबर से सभी वाहन मालिक अपने-अपने ट्रकों को अपने-अपने घरों में खड़ा कर हड़ताल पर चले जायेंगे। वही डीएमओ का समय 8 किलोमीटर प्रति घंटा एवं ट्रकों का लोडिंग हेतु अलग डंप की व्यवस्था।कांटा घर से माइंस के अंदर सड़क की मरम्मती और 25000 टन से कम के डीओ का कोयला उठाव ट्रकों के माध्यम से होना सुनिश्चित करें समेत पांच मांग रखी गयी है।

### रोटरी रामगढ़ सिटी ने किया सावन झूला महोत्सव का आयोजन

# ऐसे कार्यक्रमों से सदस्यों में होती है नयी ऊर्जा का संचार : सुमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी के द्वारा होटल अरिहंत में सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजिका सूमन चौधरी, नीरू गोयल, स्वाति पंसारी, श्वेता बगड़िया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से सदस्यों के बीच नयी ऊर्जा के संचार होता है। रोटरी परिवार में शामिल होने वाले नये सदस्य अजय अग्रवाल एवं स्वीटी अग्रवाल को पूर्व अध्यक्ष हरीश चौधरी ने श्रीफल देकर स्वागत किया। राजकुमार अग्रवाल ने रोटरी पिन पहना कर रोटरी परिवार में शामिल किया। विजेताओं को अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया, प्रियंका खंडेलवाल रोटरी क्वीन चुनी गयी, धन्यवाद ज्ञापन सचिव सूरज अग्रवाल ने दिया, कार्यक्रम मे हरीश चौधरी, आदर्श चौधरी, रुपेश गुप्ता, पंकज जैन, मनोज मोदी, राजेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, उमेश राजगढ़िया, विशाल अग्रवाल, वरुण बगड़िया, सुरेश अग्रवाल, रोहित पंसारी, सचिन अग्रवाल, भरत गोयल, किशन बंसल, डॉ राहुल बेरलिया, अनीता राजगाड़िया, ज्योति अग्रवाल, ज्योति गोयल, डॉ नीति बेरलिया, नेहा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, निशा मोदी, श्वेता जैन, आशा अग्रवाल, निधि चौधरी, विनीत गुप्ता आदि मौजूद रहें।

## भुरकुंडा में गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदो को भोजन कराया।

## कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुरपा फोरलेन स्थित कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये मूल्य के सामग्री की चोरी कर ली। जिसको लेकर कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि दो बाइक पर हेलमेट पहने चोरों ने पंचायत भवन पहुंचकर गेट का ताला तोड़ा। जिसके बाद सभी कमरों का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मुखिया कार्यालय से एलईडी टीवी, प्रज्ञा केंद्र से एक लैपटॉप, अलमीरा मे रखे दो हजार रुपये और तीन हजार रुपये की चोरी कर ली।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| **मेष** | आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त होगा, रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा। |
| **वृष** | वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, विपरीत स्थितियों में सुधार, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| **मिथुन** | रोजी-रोजगार में सफलता, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा। |
| **कर्क** | पुरानी समस्या का समाधान मिलेगा, सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा। |
| **सिंह** | सक्रिय व्यक्तित्व का विकास,मानसिक उलझनों का निवारण होगा। |
| **कन्या** | नौकरी-व्यापार में रूकावटें दूर होंगी, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। |
| **तुला** | दैनिक जीवन में आने वाली बाधाओं का शमन हो जायेगा, विविध समस्याओं का समाधान। |
| **वृश्चिक** | झंझटों और नाना प्रकार के अवरोधों के कारण किसी भी काम के बनने में शंका होने लगेगी। |
| **धनु** | राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन। |
| **मकर** | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| **कुंभ** | विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा। |
| **मीन** | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, मनोकामनाएं पूरी होंगी। चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। |

## आंगनबाड़ी केंद्र का जर्जर भवन ढहा, हादसा टला



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जबड़ा गांव के चिरैयाटांड़ टोला में रविवार को आंगनबाड़ी भवन एकाएक भरभरा कर गिर गया। हालांकि रविवार का दिन छुट्टी रहने के कारण एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गया। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी भवन बहुत पुराना एवं जर्जर स्थिति में था। जिसमें बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। रविवार का दिन होने के कारण बच्चे मौजूद नहीं थे। जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि चैतू यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन बनवाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त से मांग की है।

## 18 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर एक तवेरा वाहन के साथ 18 पेट्टी अंग्रेजी शराब जप्त किया है। वही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर कुंदन कुमार बिहार के पटना जिला के दीघा थाना के रहने वाला है। इस संबंध में वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक चतरा के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा थाना गेट के समीप नाकेबंदी की गयी। इस दौरान एक सफेद रंग का टवेरा गाड़ी को रोका गया। जिसमें तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान 18 पेटी में कुल 372 बोतल ब्लैक डॉट कंपनी का अंग्रेजी शराब बरामद किया गया ।उक्त वाहन चालक कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया । इस अभियान में थाना प्रभारी के अलावे एस आई विधायक प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार तथा पुलिस बल शामिल थे।

## भाजपा की बैठक में मंडल अध्यक्ष बदलने की मांग



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** बड़का मंदिर जोरी में भाजपा नेता केदार यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई । जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता सिंह तथा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने जोरी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कार्यकलापों के बारे में अवगत कराया तथा नाराजगी जताते हुए अविलंब उन्हें मंडल अध्यक्ष से हटाने की मांग किया। इस मौके पर रिंकु सिंह, ओमप्रकाश केशरी, वशिष्ठ सिंह, बिपिन सिंह, केदार यादव, निरंजन मिश्रा, पिंटु यादव सुरेंद्र ठाकुर पप्पू तिवारी मुकुल गुप्ता टुनटुन यादव, रामचंद्र साव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा मनाने को ले भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप प्रांगण में रविवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में पिछले वर्ष के दुर्गा पूजा के आय-व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मंडप का रंग-रोगन, साफ-सफाई, देवी-देवताओं की प्रतिमा, टेंट-लाईट, साउंड व कोष संग्रह आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। 78 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीएन कान्वेंट स्कूल में बच्चों द्वारा कई मनमोहक देशभक्ति गीत नृत्य और नाटिका सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसे सभी अभिभावकों ने सराहा। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों के द्वारा भी आजादी पर आधारित गीत गाकर बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया गया। मंच का संचालन नवम वर्ग का कृष्णा, संध्या, शीशांक द्वारा किया गया। उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिवस साहस और शौर्य का प्रतीक राष्ट्रीय पर्व है। इस कार्यक्रम को सजाने और संवारने में नीरा शर्मा और श्रेया आंनद का विशेष योगदान रहा। उपस्थित शिक्षक और शिक्षिका ने भी सराहनीय कार्य की जिसमें रिजवाना,सुनीता, सरिता दुबे, शिवानी, वीरेंद्र शाह, संतोष प्रसाद, अभिषेक पांडेय आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं और शिक्षकेत्तर रहे।

# नहर पुल के पास पानी में तैरती मिली आयरन की एक्सपायर्ड दवा

### ग्रामीणों ने विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा पातागड़ा नहरी टोला गांव के नहर पुल के पास पानी में तैरता आयरन की एक्सपायरी दवा मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी है। ग्रामीणों ने विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह नहर पुल पर कुछ ग्रामीण थे, तभी देखा कि नहर में तेज बहाव पानी में लगभग 6 सील पेटी बहता जा रहा था, तभी कुछ युवकों ने नहर में छलांग लगा कर 3 सील पेटी को पकड़ने में कामयाब हो गये, जबकि 3 पेटी संध्या गांव की तरफ पानी की तेज बहाव में निकल गया।

पानी से तीन सील पेटी को निकालने के बाद ग्रामीणों ने जब पेटी को खोला तो आयरन की फोलिक एसिड सिरप पाया गया। उस सिरप पर झारखंड सरकार का लोगों लगा हुआ है। सिरप पर अनीमिया मुक्त भारत लिखा हुआ था। इधर दवा मिलने की खबर पूरे गांव में सनसनी फैल गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीण उलफत अंसारी, नसमुदिन अंसारी, गफूर, इसरार हुसैन, मिथलेश यादव, सरफुदिन राय, अब्दुल, रंजीत गुप्ता, सरफराज, देवा रजवार सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह आयरन की दवा एनीमिया मुक्त भारत के तहत बंटवाना है। यह सिरप पर 1 जनवरी से जून 2024 तक डेट अंकित है। सिरप 2 माह एक्सपायर हो गयी है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि झारखंड सरकार का लगा लोगों दवा को फेक दिया गया है, दवा को बांटा नहीं जाता है। सरकारी दवा को फेंक कर लोगों को मिलने वाली सुविधा से दूर की जा रही है। विभाग द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खेलवाड़ किया जारहा है। ग्रामीणों द्वारा विभाग से जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कारवायी करने की मांग किया गया है। वहीं इस मामले को लेकर विशुनपुरा थाना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग के अनुमंडलीय उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस संबंध में मैं अभी कुछ नहीं बता सकती हूं, यह बोलते हुये जब्त दवा को अपने कब्जे में लेकर चली गयी। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर स्वास्थ्य विभाग के सीएस अशोक कुमार ने बताया कि दवा फेंके जाने का मामला सामने आयी है। नियमसंगत कारवायी की जायेगी।





### गढ़वा जिला में लगातार सरकारी दवा फेंकें जाने के मामले आ रहे हैं सामने

मालूम हो कि गढ़वा जिला में सरकारी दवा लगातार फेंकी जाने की मामला सामने आ रही है। तीन माह पूर्व गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड में दवा फेंकने का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि दूसरी घटना विशुनपुरा प्रखंड में सामने आया है। कांडी प्रखंड में भी दवा फेके जाने का मामला सामने आयी थी। इस मामले पर प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी। इस मामले में शिक्षा विभाग बीआरसी के एक कर्मी सहित तीन लोगों पर कारवायी कर जेल भेजा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह बताया कि उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी के द्वारा दवा को सुरक्षित रखा गया है। आवेदन मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# जनता के सहयोग से गढ़वा को गुलामी की मानसिकता से आजाद कराऊंगा : सत्येंद्रनाथ

### झामुमो छोड़ एक सौ से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को सदर प्रखंड के कल्याणपुर गांव में भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के समक्ष झामुमो के एक सौ से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार की शासन से तंग आ चुकी हैं। जनता चुनाव का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक सह मंत्री गढ़वा को अपना जागीर समझ लिए है। मंत्री ने अपने शासन काल के दौरान यहां के लोग खुद को गुलामी की मानसिकता में जीने को विवश है। वह जनता के सहयोग से यहां के लोगों को गुलामी की मानसिकता से आजादी दिलाएंगे। उन्होंने कहा की मंत्री और झामुमो कार्यकताओं के गुंडागर्दी के कारण लोग गलत का विरोध करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। मंत्री के कार्यकाल के दौरान सैकड़ों निर्दोष लोगों पर फर्जी केस कराकर जेल भेजा गया है। मंत्री गढ़वा को पूरी तरह अपराधीकरण की ओर धकेल दिये है। उन्होंने कहा की स्थानीय लोग इस भ्रष्ट शासन से पूरी तरह परेशान हो चुके है। जनता अब चुनाव का इंतजार कर रही हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में इस्तेखार अंसारी, सतार अंसारी, सुलेमान अंसारी, अमरेज, समसाद अंसारी, असलम, सलामत, अख्तर, मुस्तफा, मुख्तार, अफजल, जबार, नौसाद, कुदुस सहित एक सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल हैं। मौके पर कल्याणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद चंद्रवंशी, चंद्रवंशी सेना के राष्टीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# हड़ताली डॉक्टरों के समर्थन में सड़क पर उतरे फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थी और कर्मी

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड के विरोध में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू करते हुए इमरजेंसी सेवा छोड़कर ओपीडी सेवाएं बंद रखीं। जिसका समर्थन करते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फामेर्सी के विद्यार्थियों तथा कर्मियों द्वारा विरोध मार्च निकाला गया। मृत महिला डॉक्टर की आत्मा की शांति और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए सैकड़ों की संख्या में नर्सिंग और फामेर्सी के विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज परिसर से विरोध मार्च निकाला गया जो हाई स्कूल चौक, बस स्टैंड होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर हड़ताली डॉक्टरन को अपना समर्थन दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने वी वांट जस्टिस, अपराधियों को सजाए मौत दो, मेडिकल कर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा दो के तख्ती लिए नारे लगा रहे थे। कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल साह, निदेशक लव कुमार सिंह, सचिन वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोलकाता में महिला डॉ के साथ हुई बलात्कार और हत्या की घटना संपूर्ण मानवता को शर्मशार करने वाली है। अपनी जान का परवाह किए बगैर दूसरों का जान बचाने के लिए रात दिन काम करने वाले डॉक्टर के साथ इस तरह की बर्बरता पूर्ण घटना शर्मनाक है। घटना में संलिप्त लोगों को शीघ्र पहचान कर कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। विरोध प्रदर्शन करने वालों मे डॉ आयुष, शिक्षिका श्रेया पाल, अंजन, ममता, लव, ओम प्रकाश, चित्रलेखा, विद्या और फामेर्सी के प्रिंसिपल श्रीकांत चौधरी, विकास मिश्रा, पंकज, छात्र प्रिंस, मनीषा सहित कई विद्यार्थी शामिल थे।




# खुदाई कर छोड़ दिये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के सलैया दामर से मरदा, भाया कंजिया, खजरी, मदगड़ी, जमौती तक बनाये जाने वाले सड़क को संवेदक के द्वारा पूरी सड़क का खुदाई कर छोड़ दिये जाने से आस पास के एक दर्जन गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को गोदरमाना-भंडरिया मुख्य मार्ग को किया जाम। जानकारी के अनुसार यह सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास कार्य प्रमंडल गढ़वा के तहत एफडीआई तकनीक से मेसर्स रेवंत इंटरप्राइजेज के माध्यम से 11.87 किमी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संवेदक के द्वारा सड़क को बरसात से पहले पूरी तरह से जेसीबी से खुदाई कर देने के कारण आस पास के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय समेत इलाज के लिए अस्पताल जाना भी मुश्किल हो गया है। इस सड़क से धसनी मदगड़ी लहगुड़वा करचाली, कंजिया, जमौती खजूरी, आदि गांव के लोग प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य गंतव्य स्थान तक आते जाते हैं। इन सभी गांव के ग्रामीण नारेबाजी कर रहे थे, सांसद बीडी राम मुर्दाबाद क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया मुर्दाबाद, सड़क नहीं तो वोट नहीं, सड़क के संवेदक पर प्राथमिक की दर्ज हो, हमारी मांगे पूरी करो, हम सब किसान हैं मजबूरी समझो आदि नारे लगा रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर अंचल अधिकारी राकेश भूषण सिंह और थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए समस्या का समाधान के लिए उच्च अधिकारी तक आपकी बातों को रखने का आश्वासन दिया। अधिकारी के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया और उपायुक्त के नाम अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा गया। जाम करने वालों में जय कुमार महतो, बिनोद गुप्ता सुभाष कुशवाहा, प्रदीप शर्मा, गणेश शर्मा, मंदिप राम, गोपाल राम, संजीत, पप्पू राम सुरेश मेहता रामबली राम, लव, आनंद गुप्ता मनोज कुशवाहा राजेश गुप्ता समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।





## भाजपा की बैठक में 23 को युवा आक्रोश मार्च को लेकर बनी रणनीति

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश मार्च कार्यक्रम और 21अगस्त को होने वाले जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस सहित अन्य कई कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। सभी कार्यक्रम से पहले दिवाल लेखन स्टिकर लगाकर पर्चा वितरण सहित अन्य कई कार्य किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड में युवाओ का आक्रोश झामुमो सरकार के खिलाफ तेजी से बढ़ा है आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली निकाल कर रांची में भ्रष्ट मुख्यमंत्री का आवास घेराव किया जायेगा।

# बिलासपुर-गंगटी में फोरलेन में आने वाले मकान को हटाने के लिए अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों और एनएचआई के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ रविवार को हलिवंता कला, बिलासपुर और गंगटी में फोरलेन में आने वाले मकान को हटाने के लिये अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने हलिवंता कला और बिलासपुर में मुआवजा लेने के बाद भी अभी तक मकान और दुकान नहीं हटाये जाने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुये कई जगहों पर जेसीबी से मकान को ध्वस्त किया।



अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि अभी तक उन्हें सिर्फ मकान का पैसा मिला है जमीन का पैसा नहीं मिला है। साथ ही बरसात के दिनों में इतनी जल्दी मकान तोड़ने से हम लोग बेघर हो जायेंगे। इसलिये प्रशासन हमें समय दे ताकि हम लोग अपनी आवासीय व्यवस्था को दुरुस्त कर लें। लोगों के आग्रह पर अधिकारी 4 से 5 दिन का ही समय देने पर राजी हुये। नतीजा रविवार को प्रशासन ने पुनः रविवार को दलबल के साथ हलिवंता कला और बिलासपुर पहुंचकर मकान को हटाने का काम शुरू किया।

उधर किसी मकान में दो लोगों के दब जाने की सूचना मिलने के बाद प्रशासन को अभियान को स्थगित करना पड़ा। इस दौरान मजिस्ट्रेट हंस हेम्ब्रम, सीओ विकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक समेत कई पुलिसकर्मी और एनएचआई के अधिकारी मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह में राष्ट्रगान और बैंड बिगुल धुन आकर्षण का केंद्र रहा

आजाद सिपही संवाददाता

**गढ़वा।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले के मुख्य समारोह में राष्ट्रगान और बैंड बिगुल धुन समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। राष्ट्रगान में दो टीम का चयन किया गया था। संगीत कला महाविद्यालय की छात्राएं प्रियंका कुमारी, ज्योति, वैष्णवी, परिधि, वारिधि सिंधु, खुशी, पूर्णिमा, नेहा, मुश्कान और ज्ञान निकेतन की छात्राएं मधु कुमारी उज्जवला कुमारी सौम्या, कोमल कुमारी अंजली, अमिता, मुस्कान ने संयुक्त रूप से शामिल थी जिनके द्वारा निम्न स्थानों पर राष्ट्रगान की मनमोहक तरीके से की प्रस्तुति किया गया सदर एसडीओ गढ़वा आवास, उपविकास आयुक्तगढ़वा आवास उपायुक्त आवास, जिला के मुख्य समारोह, अनुमंडल कार्यालय, समाहरणालय, पुलिस केंद्र,में किया गया और बिगुल धुन पर नीलेश सोनी बेस ड्रम पर ज्ञान निकेतन कांवेंट स्कूल के छात्र सीटू पाल आर्य केशरी अमित कुमार सिद्धांत कुमार गोबिंद केशरी भाष्कर तिवारी शामिल थे। मुख्य समारोह के परेड में आठ टुकडी शामिल थी। जिसमें प्रथम सीआरपीएफ, द्वितीय कस्तूरबा गांधी गढ़वा, हसकेर तृतीय एसआईएस बेलचंपा ने स्थान प्राप्त किया।



# नुक्कड़ सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के खुरी गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद चिनिया प्रखंड के ही चिरका बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि वर्तमान की सरकार और स्थानीय विधायक सह मंत्री के द्वारा हेमंत सरकार का चुनावी घोषणा पत्र कब लागू किया जायेगा। हेमंत सोरेन सरकार मॉबलिंचिंग कानून कब बनायेंगे। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां ना तो अभी तक लोगों को पेयजल, बिजली व सड़क आदि की सुविधा मिल पाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कमीशखोरी काफी बढ़ी हुई है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, सदाकत अंसारी, हसनैन मंसूरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं : शशांक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के ट्रेनि डॉक्टर के साथ हुई सामूहिक दुराचार और हत्या के मामले को लेकर काला बिल्ला लगाकर और पोस्टर के माध्यम से विरोध दर्ज कराया। विभाग सह संयोजक शशांक चौबे ने कहा कि बंगाल में गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार कर रही है। टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किएये गय, परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्यवाही ममता सरकार द्वारा नही की गयी। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस प्रकार के कुकृत्य करने वाले सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने का मांग करती है और पश्चिम बंगाल में इस प्रकार की घटना बंद हो इसके लिए केंद्र सरकार को भी ठोस और कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है , परिषद ऐसा मांग करती है।

## मंदिर प्रांगण में भगवान इंद्रदेव की विशेष पूजा-अर्चना की गयी

डंडई (आजाद सिपाही)। वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिहर मंदिर के प्रांगण में भगवान इंद्रदेव की विशेष पूजा- अर्चना की गयी। इसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। यहां हर साल अच्छी बारिश और फसल के लिए भगवान इंद्र की पूजा करने की परंपरा है। पंडित रवि पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराया। इस दौरान राजेश प्रसाद, अरुण कुमार गुप्ता, रामकिशुनु ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, ऋषिराज कुमार, शशि भूषण मेहता, प्रमोद कुमार रवि सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सभ्यता और संस्कृति के परिचायक हैं हमारे पर्व-त्योहार : अलखनाथ पांडेय

### आर के पब्लिक स्कूल में सावन महोत्सव और रक्षा बंधन माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भाई-बहन के प्रेम, रक्षा और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व और सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पर्व-त्यौहार हमारी सभ्यता व संस्कृति के परिचायक हैं। ये हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। रक्षा बंधन सबसे उत्तम त्यौहारों में से एक है। यह पर्व हमें न केवल अपनी बहनों बल्कि समस्त मातृशक्ति का सम्मान करने की सीख देता है। उन्होंने बहन की रक्षा के साथ-साथ समाज, देश, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा के महत्व को बताया। उन्होंने सभी लोगों को इस पावन पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। छात्रों ने राखी बंधवाकर बहनों का सम्मान और रक्षा का वचन दिया। छात्रों ने भाई-बहन के प्रेम, विश्वास के पवित्र बंधन की गरिमा बनायें रखने का प्रण भी लिया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने असेंबली में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने रक्षाबंधन के गीत गाये और आकर्षक राखी और पोस्टर भी बनायें।

वहीं जूनियर विंग के द्वारा रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जुनियर विंग्स की शिक्षिकाओं और महिला अभिभावकों ने भाग लिया। उत्सव की शुरूआत प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार झा और जुनियर विंग्स की प्रभारी अनीता सिन्हा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद हुई। उसके बाद महिला अभिभावकों द्वारा भगवान शिव के भजन गाये गएये उनके बीच मेंहदी,डांस, रंगोली, रैंप वॉक प्रतियोगिता करवाई गयी, जिसमें क्रमशः प्रथम उषा कुमारी,द्वितीय, जया कुमारी तथा तृतीय स्थान अंकिता सिंह ने प्राप्त किया। सभी महिला अभिभावकों को स्कूल की तरफ से चूड़ी, बिंदी, नेल पॉलिश, मेहंदी आदि सर्टिफिकेट के साथ भेंट किये गये। अभिभावकों ने नागपंचमी, कजरी गीत, सावन के महत्व, संस्कृति व परम्पराओं के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुप कुमार पांडेय, नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, अभिलाषा, जागृति चौबे, रश्मि शुक्ला, शिखा रानी, पूनम राय, नीतू सिंह और शहेला खान का पूरा योगदान रहा।



# सरस्वती विद्या मंदिर में 'राखी बनाओ -मेहंदी लगाओ' प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मध्यावकाश के बाद राखी बनाओ और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग कक्षा द्वितीय से पञ्चम, बाल वर्ग कक्षा षष्ठ से अष्टम और किशोर वर्ग में कक्षा नवम और दशम के प्रतिभागी भैया-बहन भाग लिए। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने इस अवसर पर भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राखी बनाने से प्रतिभा का विकास होता है और बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों से युक्त मेहंदी बनाने की प्रतिस्पर्धा होती है। भैया बहन कई दिनों से तन्मयता पूर्वक दोनों प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे थे। शिशु वर्ग में 78 ,बाल वर्ग में 102 और किशोर वर्ग में कुल 69 भैया बहन सम्मिलित थे। सभी भैया बहन राखी निर्माण और मेहंदी लगाने की सामग्री घर से ही लाये थे। सभी प्रतिभागियों का स्थान निर्धारित कर दिया गया था। सभी निर्धारित समय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। निर्णायक के रूप में पूर्व छात्रा प्रीति बाला और पल्लवी जोशी, आचार्या प्रियंवदा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में कौशलेन्द्र झा, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, प्रसून कुमार, अविनाश कुमार, अंकित जैन, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुप्रिया कुमारी, नीति कुमारी, तंवी जोशी, सलोनी कुमारी, नेहा द्वय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय पीठ ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने का फैसला बरकरार रखते हुए केंद्र सरकार को इस वर्ष सितंबर तक इस राज्य में चुनाव करवाने का आदेश दिया था। इसी के अनुरूप निर्वाचन आयोग के प्रमुख राजीव कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने राज्य का दौरा करके राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठकें करके चुनावों के लिए वातावरण अनुकूल पाने पर जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार जम्मू-कश्मीर में 18 और 25 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को 3 चरणों में तथा हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होगा और दोनों के चुनाव परिणाम एक साथ 4 अक्टूबर को घोषित होंगे। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल इस वर्ष 3 नवंबर को पूरा हो रहा है। 2014 में जम्मू-कश्मीर में अंतिम बार विधानसभा चुनाव हुए थे। उनमें पीडीपी ने सर्वाधिक 28 सीटें जीती थीं तथा 25 सीटें जीतने वाली भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनायी थी, जो दोनों पार्टियों के नीतिगत मतभेदों के कारण कायम न रह सकी और 2018 में महबूबा के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र के बाद से जम्मू-कश्मीर बिना चुनी हुई सरकार के चल रहा है। जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 हटाने और इसका विशेष दर्जा समाप्त करके इसे केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के बाद वहां पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य में चुनाव करवाने की राह में सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था की है। हाल ही में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी घटनाएं बढ़ने के कारण प्रशासन चिंतित है, परंतु 11 अगस्त को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष होने का विश्वास व्यक्त किया तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी चुनावों के लिए पर्याप्त सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाने पर सहमति व्यक्त की है। इन चुनावों की एक विशेष बात यह भी है कि इनमें कश्मीरी पंडितों के लिए भी 2 सीटें रिजर्व रखी गयी हैं। जम्मू-कश्मीर में मतदान की घोषणा से पहले पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल करते हुए 27 भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) और कश्मीर पुलिस सेवा (केपीएस) अधिकारियों के अलावा 89 भारतीय प्रशासनिक सर्विस (आइएएस) और कश्मीर प्रशासनिक सर्विस (केएएस) अधिकारियों का तबादला करने के साथ-साथ 3 जिलों के डिप्टी कमिश्नर भी बदल दिये गये हैं। निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए वहां हर किसी में भारी उत्सुकता है और वहां की जनता भी प्रदेश की तस्वीर बदलना चाहती है।

**निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए वहां हर किसी में भारी उत्सुकता है और वहां की जनता भी प्रदेश की तस्वीर बदलना चाहती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 विजन के तहत महिलाओं की उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मुख्य विषय के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच और कठोर दंड का आह्वान किया, ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।**

# भारतीय महिलाओं के लिए न्याय की राह में बाधाएं

**हरि जयसिंह**

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर अपने 98 मिनट के भाषण में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 विजन के तहत महिलाओं की उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मुख्य विषय के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच और कठोर दंड का आह्वान किया, ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।

मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी सरकार की पहलों पर भी प्रकाश डाला जिसमें स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की वृद्धि, वित्तीय स्वतंत्रता में वृद्धि, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अधिक प्रतिनिधित्व शामिल है। उन्होंने मातृत्व अवकाश को 12 से बढ़ा कर 26 सप्ताह करने जैसे नीतिगत बदलावों का उल्लेख किया और महिलाओं के लिए अधिक न्यायपूर्ण समाज को बढ़ावा देने के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की, जबकि हमें भारत की विविध संस्कृति और बढ़ती अर्थव्यवस्था पर गर्व होना चाहिए, हम महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को नजरअंदाज नहीं कर सकते। अकेले 2022 में, भारत में महिलाओं के खिलाफ 445,000 से अधिक अपराध दर्ज किये गये, जिनमें बलात्कार और घरेलू हिंसा शामिल हैं और कई और शायद रिपोर्ट ही नहीं किये गये। 1972 में मथुरा केस और 2012 में निर्भया केस जैसे हाई-प्रोफाइल मामलों ने विधायी सुधारों को जन्म दिया है, फिर भी भारतीय महिलाओं के लिए न्याय की राह में महत्वपूर्ण बाधाएं बनी हुई हैं।

**महिलाओं को बिना किसी डर के जीने का हक है और इस मौलिक मानव अधिकार को बनाये रखने के लिए भारत में और अधिक काम करने की जरूरत है।**



**भारत में लैंगिक-आधारित हिंसा का अक्सर राजनीतिकरण किया जाता है और पीड़ितों को न्याय के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ सकता है। राजनेताओं के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और खारिज करनेवाली टिप्पणियां समस्या को बनाये रखती हैं और अक्सर महिलाओं पर दोष मढ़ती हैं।**

आइए इस महीने की शुरुआत में 31 वर्षीय पोस्ट-ग्रैजुएट ट्रेनी डाक्टर का मामला लेते हैं, जिसकी हत्या आरजी कर मेडिकल कॉलेज के एक सेमीनार हॉल में की गयी थी, जहां वह नाइट ड्यूटी पर थी। उसका शव अर्धनग्न अवस्था में बलात्कार और गला घोंटने के निशानों के साथ मिला, जिस पर गंभीर चोटें थीं। पास में, उसके कपड़े और बालों के साथ खून से लथपथ गद्दा मिला। कुछ पुलिस सूत्रों का अनुमान है कि बलात्कार से पहले उसकी हत्या की गई होगी। संदिग्ध संजय रॉय को अपराध स्थल पर उसका ब्लूटूथ हेडफोन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया और उसके घर से खून से सना जूता बरामद किया गया। कोलकाता पुलिस में नागरिक स्वयंसेवक के रूप में कार्यरत रॉय का दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी का इतिहास रहा है। हत्या के बाद डाक्टरों और चिकित्सा समुदाय ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जो सीसीटीवी कवरेज की कमी, डाक्टरों के लिए अपर्याप्त विश्राम क्षेत्र और रात में बाहरी लोगों की जांच नहीं होने का हवाला देते हुए अस्पताल में बेहतर सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा और विपक्षी दलों पर राजनीतिक लाभ के लिए मामले का फायदा उठाने का आरोप लगाया है। बनर्जी ने दावा किया कि इन दलों ने बंगाल को बदनाम करने के लिए अभियान चलाते हुए सोशल मीडिया लाइक और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस घटना का इस्तेमाल किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की, जिन्होंने उनकी सरकार पर आरोपियों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था, उन्होंने अन्य राज्यों में इसी तरह की घटनाओं से निपटने के कांग्रेस के तरीके पर सवाल उठाया। बनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सरकार बंगाल के खिलाफ बदनामी बर्दाश्त नहीं करेगी, लेकिन वह आरोपियों के लिए मृत्युदंड का समर्थन करती है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा जांच को सीबीआइ को सौंपने के फैसले के बाद, उन्होंने रविवार तक अपराधी को फांसी देने का आह्वान किया।

फरवरी 2015 में तुर्की में 20 वर्षीय विश्वविद्यालय की छात्रा ओजगेकन असलान की हत्या ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा और सरकार की अपर्याप्त प्रतिक्रिया के खिलाफ व्यापक आक्रोश और राष्ट्रव्यापी विरोध को जन्म दिया। असलान के मामले ने उसकी हत्या की क्रूरता के कारण अभूतपूर्व ध्यान आकर्षित किया था।

इस बढ़ते ध्यान का एक और कारण यह था कि मीडिया ने अपराध की चरम हिंसा को असलान की उच्च नैतिक चरित्र और विनम्रता की छवि के साथ कैसे तुलना की। उसे एक सदाचारी और विनम्र छात्रा के रूप में चित्रित किया गया था, उसका एकमात्र दोष यह था कि वह स्कूल के बाद एक मिनी बस में अकेली थी, जो शॉपिंग मॉल जा रही थी।

भारत में, लैंगिक-आधारित हिंसा का अक्सर राजनीतिकरण किया जाता है, और पीड़ितों को न्याय के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ सकता है। राजनेताओं के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और खारिज करने वाली टिप्पणियां समस्या को बनाये रखती हैं और अक्सर महिलाओं पर दोष मढ़ती हैं।

महिलाओं को बिना किसी डर के जीने का हक है और इस मौलिक मानव अधिकार को बनाये रखने के लिए भारत में और अधिक काम करने की जरूरत है। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री मोदी को निर्णायक कार्रवाई के साथ नेतृत्व करना चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूर्ण-प्रमाणित कदम सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों को शामिल करना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि महिलाएं हमारे समाज का मूल हैं और हमें उनके सम्मान और सुरक्षा की रक्षा करनी चाहिए। यह हमारी परंपरा है और हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

## देश-विदेश की खबरें

### 69000 शिक्षक भर्ती मामले को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# आरक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को न हो नुकसान : योगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में सीएम योगी ने रविवार शाम शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए। साथ ही किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सीएम योगी के इस बयान के बाद इस बात की अटकलें लगनी शुरू हो गयी हैं कि सरकार द्वारा नयी सूची बनायी जा सकती है।



**5000 से ज्यादा के प्रभावित होने की संभावना :** इलाहाबाद हाइकोर्ट का आदेश आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने तेजी से इस पर मंथन शुरू किया है। प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि अगर विभाग दोबारा सूची बनाता है तो 5000 से 6000 नौकरी कर रहे युवा इससे प्रभावित होंगे। क्योंकि इस मामले में सिंगल बेंच में सरकार की ओर से जनवरी 2022 में आरक्षित वर्ग के 6800 प्रभावित अभ्यर्थियों की सूची दी गयी थी। हालांकि बाद में इसे सिंगल बेंच ने इसे भी निरस्त कर दिया था और नयी सूची बनाने को कहा था।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को बूथ तक नहीं पहुंचने देंगे अर्द्धसैनिक बल के एक लाख जवान, 1000 कंपनियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव, तीन चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग, 25 सितंबर को होगी। तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को वोट डाले जायेंगे। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि सभी उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा मिलेगी। चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। चूंकि जम्मू कश्मीर में मौजूद आतंकी, चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 1000 कंपनियां तैनात की जायेंगी। मतलब, एक लाख से अधिक जवान, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराएंगे।



**केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती :** विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 18 अगस्त को केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश जारी हो गया है। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती होगी। इसमें 315 कंपनियां, बाहर से आएंगी। बाकी 150 कंपनियां ऐसी हैं, जो वहां पर पहले से अपने ओरिजनल प्लेस पर तैनात हैं। उन्हें अपने ड्यूटी स्थल के आसपास ही तैनात किया जाएगा। इनमें 315 डायरेक्ट कंपनियां रहेंगी, जबकि 150 कंपनियां, ओरिजनल प्लेस वाली रहेंगी।

**जम्मू क्षेत्र में ऐसे होंगे सुरक्षा इंतजाम :** अगर 315 कंपनियों की बात करें तो इनमें से जम्मू क्षेत्र के लिए सीआरपीएफ की 55, बीएसएफ की 60, सीआइएसएफ 50, आइटीबीपी 50, एसएसबी 70 और आरपीएफ की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। कश्मीर जोन के लिए इनमें से कोई कंपनी तैनात नहीं होगी।

**कश्मीर जोन में सीएपीएफ की 512 कंपनियां :** ओरिजनल प्लेस वाली 150 कंपनियों में से कश्मीर के लिए सीआरपीएफ की 105, बीएसएफ की 15 कंपनियां रहेंगी। जम्मू के लिए उक्त कंपनियों में से सीआरपीएफ की 20, बीएसएफ की 5 कंपनियां तैनात होंगी। कुल मिला कर कश्मीर जोन में सीएपीएफ की 512 कंपनियां लगायी जायेंगी। जम्मू के लिए 488 कंपनियों को तैनात किया जायेगा। जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 1000 कंपनियां तैनात होंगी।

# परीक्षा देने आये सिपाही अभ्यर्थियों ने किया बवाल, कदाचार के आरोप में नौ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** राज्य में सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गयी। इस बीच जहानाबाद जिला के शिक्षक कॉलोनी राजाबाजार स्थित रामकृष्ण परमहंस पब्लिक स्कूल में बनेपरीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया।

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों को सुबह से हीपरीक्षा केंद्र में प्रवेश करने को लेकर बुलाया गया था। हम लोग भूखे-प्यासे केंद्र पर पहुंच गए थे। विद्यालय के लोगों के द्वारा समय से प्रश्न पत्र नहीं दिया गया, जिसके कारण हम लोगों ने इसका प्रतिकार करते हुए हंगामा किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब हम लोगों को केंद्र में प्रवेश करने के लिए समय निर्धारित है ऐसी स्थिति में केंद्र पर प्रश्नपत्र देरी से क्यों दिया जा रहा है।



## डीएम और एसपी ने बतायी वजह

इस संबंध में एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों के द्वारा प्रश्न पत्र देर से दिए जाने को लेकर हंगामा किया गया था, जिसे शांत कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो गयी है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय का कहना है कि जो प्रश्न पत्र का पैकेट था, उसका सेंटर कोड गलत छप गया था। इस वजह से प्रश्न पत्र देर से दी गयी। प्रश्न पत्र देर से दिये जाने के बाद अभ्यर्थियों के द्वारा हंगामा किया गया है। बाद में हम लोगों ने समझाबूझाकर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कर लिया गया। आयोग को भी इस संबंध में जानकारी दे दी गई है।

## इन पर हुई कार्रवाई

**रविवार को हुए सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में 9 अभ्यर्थी संलिप्त पाये गये, जिनमें पुलिस ने तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। एक अभ्यर्थी को परीक्षा से निष्कासित किया गया हा, जबकि पटना, गया और भोजपुर में पांच अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। भागलपुर और सहरसा में तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में 21,391 पदों पर चयन के लिए बिहार के कुल 545 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। परीक्षा मध्याह्न दो बजे आयोजित की गयी थी, जिसमें 17,87,720 अभ्यर्थी शामिल हुए। आंकड़ों के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 67 प्रतिशत रही।**

# भारत पहुंचीं नेपाल की विदेश मंत्री, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउबा रविवार को भारत पहुंचीं। नयी दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि नयी दिल्ली पहुंचने पर नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउबा का स्वागत है। यह यात्रा नियमित उच्च स्तरीय भारत-नेपाल द्विपक्षीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखती है। वह सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों मजबूत करने और आपसी हितों व सहयोग को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करेंगी। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउबा रविवार को भारत पहुंचीं। नयी दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि नयी दिल्ली पहुंचने पर नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउबा का स्वागत है। यह यात्रा नियमित उच्च स्तरीय भारत-नेपाल द्विपक्षीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखती है। वह सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों मजबूत करने और आपसी हितों एवं सहयोग को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करेंगी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा था कि एस जयशंकर के निमंत्रण पर देउबा भारत का दौरा कर रही हैं। उनकी यह यात्रा दोनों पड़ोसियों के बीच सदियों पुराने, गहरे और बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करेगी। भारत की पड़ोसी प्रथम नीति में नेपाल प्राथमिक भागीदार है। आगामी यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा और समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।



राणा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी भी हैं। उनकी यात्रा बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक के बाद हो रही है। बैठक में विदेश, संचार और सूचना मंत्री के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल के भारत-यात्रा कार्यक्रम का समर्थन किया गया था। बता दें कि देश की 1850 किमी से अधिक लंबी सीमा पांच भारतीय राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ लगती है। भूमि से घिरा नेपाल वस्तुओं और सेवाओं के परिवहन के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जेएमएम जिला उपाध्यक्ष घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा -लोहरदगा मुख्य सड़क भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जेएमएम जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि रिम्स में चिकित्सकों के हड़ताल के कारण शनिवार को स्वजनों ने रांची के बूटी मोड़ स्थित निजी क्लीनिक एडमिट कराया है। घायल जेएमएम जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव की पत्नी उदरंगी पंचायत की पूर्व मुखिया जयंती उरांव ने कहा की पति तिवारी उरांव भंडरा से अपने बाइक से अपने घर सेगरा टोली लौट रहे थे, इसी दौरान एक अज्ञात वाहनद टक्कर मार फरार हो गया।

# हर तबके के लोगों के लिए सरकार चला रही है योजनाएं : बैद्यनाथ राम

**शिक्षा मंत्री ने बाबाधाम मे सपरिवार पूजा अर्चना की, क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार स्थानीय विधायक सह सूबे के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सह उत्पाद सह मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने रविवार को सपरिवार देवघर पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा अर्चना किया।

बता दें कि झारखंड सरकार के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में मंत्री बनने के बाद मंत्री बैद्यनाथ राम पहली बार देवघर बाबाधाम में पूजा अर्चना करने पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी सीमा राय व अन्य परिजन साथ में थे। दूरभाष पर बातचीत करते हुए मंत्री श्री राम ने कहा कि उन्होंने बाबा भोलेनाथ से अपने विधानसभा क्षेत्र एवं समस्त झारखंड वासियों के सुख समृद्धि की कामना की है। आगे कहा कि वे अक्सर बाबाधाम सपरिवार पूजा अर्चना करने आते हैं। यहां उन्हें बहुत की सुकून मिलता है। बाबाधाम की ख्याति देश दुनिया में है। इसे और अधिक विकसित करने का निर्णय झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने लिया है। मंत्री ने आगे कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार समाज के हर तबके लिए कार्य कर रही है। सभी लोगों के लिए योजनाएं चल रही है। अभी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना ला कर सरकार ने महिलाओं को उनका हक व सम्मान देने का काम किया है।

केवल दो सप्ताह में रिकॉर्ड 43 लाख माता व बहनों का निबंधन इस योजना के लिए किया गया है। जिसमें 37 लाख बहनों के आवेदनों की जांच कर प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। 31 अगस्त के पहले तक सभी बहनों के बैंक खाते में एक हजार रुपये की सम्मान राशि भेजी जा चुकेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झामुमो युवा नेता अंकित पांडेय, दीपक कुमार, विवेक प्रसाद गुप्ता व रंजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# 'हर-हर बम-बम' के जय घोष से आज गूंजेगा कालीमाटी रोड

**पद्मश्री अशोक भगत को मिलेगा संघ रत्न सेवा सम्मान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** हर-हर महादेव सेवा संघ द्वारा सावन के अंतिम सोमवार, 19 अगस्त 2024 को साकची गुरुद्वारा मैदान में होने वाले भव्य भजन संध्या की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है। संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल शिव स्तुति का गायन करेंगे। इस अवसर पर आदिवासी समाज और वंचितों के लिए पिछले करीब चार दशकों से सेवा प्रदान करने वाले 'पद्मश्री अशोक भगत' को संघ रत्न सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 11 अतिविशिष्ट व्यक्तियों को मंच द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

इनमे डॉ. आसिफ अहमद, केदारनाथ जासुका, एस. के. झा, डॉ. तामोजित चौधरी, डीपी शुक्ला, सतवीर सिंह सहोता, अरविंद विद्रोही, रजनी उपाध्याय, विजय सिंह, चंदेश्वर खां, त्रिलोक सिंह शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि साकची गुरुद्वारा में होने वाले इस भव्य भजन संध्या में करीब 25000 श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इनके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी है। पक्का पंडाल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। सभी श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय, पानी, भोग वितरण की व्यवस्था रहेगी।

## आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर बैठक



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्षक राजेंद्र महतो के अध्यक्षता में दुर्गा बाड़ी के समीप कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के तत्वावधान में आगामी 23 अगस्त को रांची मोरबादी मैदान में आयोजित होने वाले झारखंड सरकार के खिलाफ युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रखंड क्षेत्र से लगभग 700 कार्यकर्ताओं को आक्रोश रैली में शामिल होने का सामूहिक निर्णय लिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। अपनी चुनावी घोषणा को उन्होंने अभी तक पूरा नहीं किया जिससे झारखंड की युवा आक्रोशित हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मीनराय भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, कैलाश महतो, विवेक प्रजापति, विशेश्वर प्रसाद दिन, नसिर आलम, राजेश सोनी, गोविंद महतो, फिलन्द्र रविदास, लाखो उरांव, श्रवण मुंडा, बीरेंद्र महली, कृष्णा मनी यादव, मनोज साहू, राधेश्याम साहू, जीतबहान महतो, जयराम उरांव, विदेशी रविदास, चिखु उरांव एवं सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष बने सूरज कुमार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के पुराने ब्लॉक परिसर में भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) के बैनर तले सामाजिक सामंजस्य एवं सौहार्द स्थापित करते हुए सामाजिक विकास स्वास्थ्य शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हुए एक बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जगजीवन राम के नेतृत्व में किया गया। बैठक में कमेटी का विस्तार किया है। जिसमे सर्वसम्मति से बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार को बनाया गया। उपाध्यक्ष संजय कुमार रजक, सचिव संजय कुमार राम, उपसचिव उपेंद्र राम को बनाया गया। इस दौरान मौके पर साहिल हुसैन, कन्हाई कुमार रवि, छोटू कुमार, रामदयाल, अमन कुमार, उपेंद्र राम, रविंद्र कुमार, जयदीप राम, जगजीवन राम, संजय कुमार, विकास कुमार, उमेश कुमार, नीतीश कुमार समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## दूधीमाटी गांव में हाथियों ने घर को तोड़ा



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप पंचायत के दूधिमाटी गांव में शनिवार की देर रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाया है। हाथी ने फूलचंद गंझू का घर ध्वस्त कर दिया। घर मे रखा धान, चावल और गेंहू खा गया। घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई। भुक्तभोगी ने बताया कि हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे। अचानक आधी रात को हाथी आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की संख्या 17 से 18 थी। घटना की जानकारी मिलते ही लाधुप पंसस पति सह समाजसेवी बुधन गंझु ने पीड़ित परिवार से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। वन विभाग से मिल हाथियो द्वारा पहुंचाये गये नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। बताते चलें कि चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से जंगली हाथियों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। हाथियों ने अब तक कई ग्रामीणों की जान ले ली है और उनके हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। हमेशा इनपर जान का खतरा बना रहता है। रात-रात भर जागकर पहरा देते हैं।

## फ्रेंडशिप क्लब किस्को फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को फ्रेंडशिप क्लब किसको के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद किसको सह कांग्रेस पंचायती राज के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता शामिल हुए। उद्घाटन मैच में मिनी स्टार बनाम ब्लैक आर्मी के बीच मैच खेली गयी। जिसमें ब्लैक आर्मी विजय हुई। इस मौके पर संदीप गुप्ता ने कहा खेल युवाओं के लिए बेहतर कल का एक मंच है। अनुशासन के साथ खिलाड़ी मैच खेले तो अपने उज्जवल भविष्य बना सकते है। इसके साथ में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थाना प्रभारी किसको हर्षवर्धन सिंह ने कहा युवा नशा से दूर अपने समाज को बेहतर बनाने के लिए खेल विवेक माध्यम है जिसे अनुशासन के साथ खेल और अपना भविष्य बनायें। फ्रेंडशिप क्लब के अध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा फुटबॉल का खेल ग्रामीण क्षेत्र के लिए आने वाले कल का निर्माण करती है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से निकल अपनी प्रतिभा दिखाने का काम करते हैं।

## बरवाडीह में 24 से श्रीमद भगवत कथा का होगा आयोजन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।**



बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित पहाड़ी शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को एके द्विवेदी (स्टेशन प्रबंधक) की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। बैठक में इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा कराने का निर्णय लिया गया। जिसमे आगामी 24 अगस्त से 29 अगस्त तक भागवत कथा तथा 30 अगस्त को हवन पूर्णाहुति का आयोजन किया जायेगा। भागवत कथा उत्तर प्रदेश वृंदावन के पुरोहित अनुराग कृष्ण शास्त्री कथा वाचक मंडली द्वारा की जायेगी। बैठक में हुलास सिंह, अनुज कुमार सिन्हा, अर्जुन विश्वकर्मा, बल्लू मिश्रा, अरविंद कांत पांडे, रणजीत सिंह (राणा), कृष्णा राम, निरंजन सिंह,अजीत सहाय, राकेश कुमार सिंह, बुद्ध राम, राजा कुमार, लव कुमार, विवेक कुमार, दीपक सिंह, रेखा पाठक, सुमन सिंह, नैना देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बारिश से किसान का मकान गिरा, लगायी मदद की गुहार

**डिम्पल राजा**



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ पंचायत के गांव कोयला गड़ा के निवासी दशरथ राम का कच्चा मकान लगातार हो रही बारिश के कारण मकान धराशायी हो गया है। दशरथ राम अपने बच्चों के साथ आर्थिक तंगी में जर्जर मकान में गुजर बसर कर रहा था। अब तक कई दिन से हो रहे हैं बरसात के चलते हो वह गिर गया। उस समय सभी परिवार घर से बाहर थे। वहीं दशरथ राम ने बताया कि लगातार बारिश के चलते मेरा कच्चा मकान धराशायी हो गया। इससे घर का सामान नष्ट हो गया मेरे सामने संकट का स्थिति पैदा हो गया। हम लोग मजदूरी कर अपना भ्रमण पोषण करते हैं अब कोई सहारा नहीं है। अब हमारे पास सिर ढकने के लिए जगह नहीं है। परिवार अब बेघर हो चुका है। सरकार का महत्वाकांक्षा योजना का लाभ ही नहीं मिल रहा है। पीएम आवास न अबुआ आवास मिला है। अबुआ आवास का आवेदन देने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा है। कितना बार पंचायत भवन में गये जिसे अबूआ आवास का लाभ मिलना चाहिए वैसे व्यक्ति को लाभ नहीं मिल पा रहा है। और जिसे लाभ नहीं मिलना है वैसे व्यक्ति को अबुआ आवास मिल रहा है। पीड़ित ने बताया कि लगातार बारिश हो रही है। जिस जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बारिश की सबसे ज्यादा मार गरीब परिवार पर पड़ रही है। जिसका सुद लेने के लिए कोई जनप्रतिनिधि फिलहाल कोई नजर नहीं आ रहा है। पीड़ित परिवार ने जल्द से जल्द प्रशासनिक अधिकारियों से मुआवजा देने की मांग की है।

# दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ आंदोलन करे समाज का हर वर्ग : प्रो मित्रश्वर

**कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के खिलाफ सड़क पर उतरे घाटशिला के विद्यार्थी और शिक्षक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के बैनरतले आरजी कर अस्पताल में हुई जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं क्रूर हत्या के विरोध में, गुनहगारों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के मांग को लेकर, गोपालपुर से एक प्रोटेस्ट रैली निकाला गया। उसके पश्चात घाटशिला स्टेशन चौक में एक सभा किया गया। घाटशिला कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर मित्रेश्वर ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब अश्लील सिनेमा साहित्य के प्रसारण को बंद कर देना चाहिए। साथ ही स्कूल - कॉलेज के पाठ्यक्रम में उन्नत कला, संस्कृति व साहित्य को शामिल करना अनिवार्य है। सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होकर इस तरह के कृत्य के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए।

इस रैली में घाटशिला कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह, प्रोफेसर इंदल पासवान, डॉ संदीप चंद्र, डॉ संजेश तिवारी, डॉ कन्हाई बारिक, मुसाबनी माइंस कॉलेज के शिक्षक वीरेन घोष, स्कूल शिक्षक कार्तिक गोप, संजय दास शामिल थे। कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के स्टेट कमिटी मेंबर्स संदीप पात्र, बबली शील, चंदन कुंडू, मानस साव, सुमन मंडल, निवेदिता शील, सोनाराम हांसदा, उदित गोप, वरुण विषई। इसके अलावा शर्मिष्ठा कुमारी, पूर्णिमा टुडू, चंदना टुडू, रिया रानी दत्ता, लिप्सा, संजय, इशिका, बरनाली, भूमिका एवं अन्य छात्र छात्राएं शामिल थे।

# पिछड़ी जाति के शून्य आरक्षण वाले जिले में वंचित समाज को आरक्षण दे राज्य सरकार : आबिद अली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा मोमिन भवन नई सड़क में मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष आबिद अली ने कहा की प्रदेश में आज जिसकी जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी नहीं मिल रही। हम मात्र वोट बैंक बनकर रह गये है। आज हमे अपने हक-हुकूक की लड़ाई खुद लड़ना होगा। बड़ी दुर्भाग्य की बात है की आजतक ना तो मदरसा बोर्ड का गठन हुआ ना ही वक्फ बोर्ड का। हम सरकार से आस लगाए बैठे हुए हैं। सरकार जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही उस में भी हमको निराश हाथ लगी।मौके पर मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव मुफ्ती अजहर कासमी अपने संबोधन में कहा की आज जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी अपने अधिकार के लिए समाज को एकजुट होने की जरूरत है हमें ऐसे प्रोग्रामों मे मंत्री, सांसद, विधायक को आमंत्रित कर अपनी बात अपनी समस्याएं रखने की जरूरत है चाहे मोबलिंचिग में मारे गये परिवार को सहायता की बात हो वक्फ बोर्ड का मसला हो और इसके साथ अन्य बातों को रखा जाये। एमएम मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी ने अतिथियों बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सकूर अंसारी, समसुद्दीन अंसारी मौलाना जलाउद्दीन अंसारी, मोजम्मिल अंसारी ने भी सभा को संबोधित किया। मंच का संचालन वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मुमताज अहमद किया तथा सभा के समापन की घोषणा कुद्दूस अंसारी किया। सभा में जिला कार्यकारी अध्यक्ष जहूर अंसार, नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी, सवारत हुसैन, यासीन अंसारी, शरीफ अंसारी, कयूम अंसारी, यूसुफ अंसारी, शौकत अंसारी, अलीउल्लाह अंसारी, सभी प्रखंड के अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समीर मोहंती ने क्लब भवन का किया शिलान्यास

**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड स्थित पारूलिया गांव में विधायक निधि से क्लब भवन निर्माण कार्य का विधायक समीर कुमार मोहंती ने नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया।रविवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा ग्रामीण जनता के मांग पर हर गांव में विकास का कार्य तेजी से हो रही है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सभी मां बहनो के खाते में एक-एक हजार रुपया भेजा जा रहा हैं। इसके लिए विधायक ने राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट की। उन्होंने कहा हेमंत है तो हिम्मत है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, हिमांगशु सोम, गोपालपुर पंचायत अध्यक्ष लालमोहन मुर्मू, ब्राह्मणकुंडी पंचायत अध्यक्ष सुभाष दास, पारूलिया पंचायत अध्यक्ष पुकलेश नायक, गणेश हांसदा, बिपद रंजन प्रधान,विश्वजीत पाल, बाबू पाल, पिंटू दत्ता सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आठ साल से सीमेंट कंपनी बंद होने से किसान परेशान, कहा**

# नौकरी मिली ना खेत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** पोटका प्रखंड के स्वाति सिमेंट उधोग, हाता के जमीन दाताओं की बैठक रविवार को कंपनी के बाहर आयोजित किया गया। बैठक में जमीनदाताओं ने एकस्वर में कहा कि हमलोंग कंपनी को स्थायी नौकरी करने के एकरारनामा पर जमीन दिये थे, लेकिन कंपनी बीते 8 साल से बंद कर दिया गया है। कंपनी बंद होने से हमलोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। खेती जमीन दे देने से कृषि कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए हम सभी जमीन दाताओं ने निर्णय लिया है कि कंपनी जल्द खोले और हम सभी को नौकरी दे। ऐसा नहीं होने पर हमलोग आंदोलन जारी रखेंगे। हम जमीनदाता अपनी मांगों से राज्य के मुख्यमंत्री, उधोग मंत्री, कृषि मंत्री, सांसद व विधायक को अवगत करायेंगे और कंपनी से जमीन वापस दिलाने में मदद की गुहार लगायेंगे। उन्होंने यह भी कहा स्वाति उधोग प्रबंधन यदि प्लांट बिक्री करने की योजना बना रहा है तो कंपनी खरीदने वाले से आग्रह होगा कि हम सभी जमीन दाताओं से हमारी राय लें। बैठक में जदूपति गोप, रतनलाल गोप, लक्ष्मी गोप, भोला प्रमाणिक, गोपेश्वर गोप, तपन प्रमाणिक, बबलू गोप, बरुन गोप, रोहित गोप, नारायण प्रमाणिक, शंभू पात्र, आदित्य गोप, सूरज गोप, संजय गोप, मधु गोप, दिलीप पात्र, देवाशीष गोप सहित दर्जनों जमीनदाता उपस्थित थे।

# राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल, आगामी चुनाव में जनता देगी जवाब : ओम सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल की अवश्यक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी की अध्यक्षता में रविवार को थाना रोड स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी 23 अक्तूबर युवा आक्रोश रैली मुख्यमंत्री आवास घेराव को सफल बनाने भंडरा प्रखंड से जादा से जादा लोग जाए उसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज उपस्थित हुये ओम प्रकाश सिंह ने कहा आज झारखंड में 5 वर्ष से झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की साकार चल रही है यह सरकार पूरे भारत का भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार के मंत्री मुख्यमंत्री इनके अधिकारी कार्यकर्ता सभी लोग किसी ना किसी मामले में जेल पर है मुख्यमंत्री खुद बेल पर है इस सरकार में जनता त्रस्त है अपराधी मस्त है आये दिन लूट मार रेप जैसे जघन्य अपराध आम बात हो गयी है। यहा की बहन बेटियां असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री से उनके किये गये वायदे पर हम सभी मिलकर के पूछेंगे की उन वादों का क्या हुआ जो आप चुनाव से पहले कर के सत्ता में आये हैं। बैठक में उपस्थित जिला मंत्री किशोर साहु , पूर्व अध्यक्ष जालेश्वर महतो, पंकज साहु, उमेश साहु, राजन राणा, रामकुमार साहु, गीता उरांव मनोज साहु, परमेश्वर उरांव, हरिनाथ महतो, राजिंदर साहु, उत्तम गुप्ता, शत्रुघ्न साहू, वासुदेव उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

# कैरेज कालोनी में चौतरफा विकास से लोगों में हर्ष, विधायक का किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कैरेज कॉलोनी में स्थानीय लोगो ने गाजे बाजे के साथ विधायक मंगल कालिंदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को स्वागत समारोह के दौरान स्थानीय लोगों ने कहा देश की आजादी के बाद कैरेज कालोनी में जितना भी विकास का कार्य हुआ था उससे ज्यादा कार्य विधायक मंगल कालिंदी ने विधायक बनने के बाद किया है। विधायक के कार्यकाल में क्षेत्र के हर एक गली-मुहल्ले में सड़कों का निर्माण किया गया। गांव में पेबर्स ब्लॉक बिछवाया गया, जलमिनार, स्ट्रीट लाइट यहां तक की नगर विकास की नागरिक सुविधा मद से भी कई विकास कार्य विधायक के प्रयास से संभव हुआ। वैसे विधायक मंगल कालिंदी ने क्षेत्र का चौतरफा विकास किया है। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे इसी उद्देश्य से रात-दिन लोगों की सेवा में लगे रहते है। राज्य में हेमंत सरकार की एक ही एजेंडा है केवल विकास। साथ ही लोगों का कल्याण व राज्य को समृद्ध बनाना है। इस अवसर पर झामुमो नेता महावीर मुर्मू, महेन्दर पांडेय, रामेश्वर सिंह, राजू मुखी, भोला पांडेय सहित सैकड़ो बस्तीवासी उपस्थित रहे।

# बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में 51 फीट ऊंचे खूंटे पर चढ़े हैं गोवर्धन बाबा

**31 घंटा तक खूंटा पर ही रहेंगे गोवर्धन उर्फ खूटा बाबा**

**दुबी घास बेलपत्र और गांजा पीकर रहेंगे, उमड़ी भीड़**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के बहुचर्चित महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में श्रावणी पूजा मेला समिति एवं बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति द्वारा खूंटा बाबा को लाया गया है। यहां पर 51 फीट ऊपर खूंटा पर चढ़ कर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लगे हैं गोवर्धन बाबा उर्फ खूंटा बाबा। बाबा खूटे पर चढ़ कर कर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लगे हैं। खूंटा बाबा बोकारो जिला के ग्राम पोस्ट टेलो के रहनेवाले अनु महतो के पुत्र श्रीश्री 108 गोवर्धन बाबा उर्फ खूटा बाबा हैं। इनकी उम्र लगभग 50 साल है। इनके पिता अनु महतो बताते हैं कि 15 साल की उम्र से ही संन्यास लेकर बाल ब्रह्मचारी का जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारा सपना था कि गोवर्धन की शादी करें, परंतु वे 15 साल की उम्र में घर छोड़ कर चले गये। बहुत खोजने के बाद आसपास के गांव में ही एक खूंटा बाबा के आने की सूचना प्राप्त हुई। हमने देखा कि यह खूंटा बाबा कोई और नहीं हमारा ही गोवर्धन है, जो खूटे पर चढ़कर खूंटा बाबा के नाम पर आज मशहूर हो गया है। तत्पश्चात इनकी माता ने इन्हें दूध पिला कर आशीर्वाद देकर चली गयी और तब से यह एक बाल ब्रह्मचारी और सन्यासी का जीवन यापन कर रहे है।

बताते चलें कि अभी यह खूंटा बाबा बड़कागांव प्रखंड के महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में रविवार के सुबह छह से खूंटा पर चढ़े हुए हैं और यह लगातार 31 घंटा तक खूटा पर ही रहेंगे। श्रावणी मेला समिति बड़कागांव के सदस्यों ने बताया कि जब तक यह खूंटे पर चढ़े रहेंगे, तब तक यह दूबी घास, बेलपत्र और गांजा पीकर ही रहते हैं और अभी यह 31 घंटे तक ऐसे ही बिता देंगे। खूंटा बाबा का 7 दिन, 7 रात यहीं खाना खाकर खूंटा पर ही डेरा डालने का रिकॉर्ड है। बाबा सबसे पहले बोकारो के महादेव गढ़ा में 41 फीट के खूंटा पर चढ़ कर आराधना की थी। इसके बाद यह 70 फीट, 80 फीट, 85 फीट के खूंटा पर भी चढ़कर आराधना कर चुके हैं। इनका आश्रम गोमो रतनपुर में है। इनके अलावा उनके साथ आश्रम में कई सांप-बिच्छू भी डेरा डाले रहते हैं।

मौके पर मुख्य रूप से बुढ़वा महादेव श्रावणी मेला पूजा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष झमन प्रसाद, सचिव सहेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, संयोजक जयशंकर मेहता, संरक्षक बालेश्वर मेहता, उप संरक्षक बिगल किशोर महतो, उपसंयोजक केदार प्रसाद दांगी, महा संरक्षक शशि मेहता, बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष नरसिंह प्रसाद, उप सचिव अवध किशोर कुमार, प्रभुदायल महतो, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर, उप मीडिया प्रभारी राज किशोर सोनी, बिंदु दांगी, इंद्रनाथ महतो, बंधु महतो, सुरेश महतो, सतनारायण महतो, मनोहर महतो, सुकुल महतो, कंचन कुमार, राम सुंदर महतो, बोधन महतो, जयवीर कुमार, देवनाथ कुमार, पिंटू कुमार, नारायण महतो, भीम महतो, डॉक्टर धनेश्वर, अनिल कुमार, सोहन, महतो, किशोर कुमार, विनय कुमार, सोलंकी कुमार, हुलास प्रसाद दांगी, दीपू कुमार, सोमनाथ महतो, मिस्त्री महतो उपस्थित थे।

# ओल्ड हाइकोर्ट परिसर में हुआ महारुद्राभिषेक पूजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के पुराने भवन परिसर (डोरंडा) के शिव मंदिर में रविवार को महा रुद्राभिषेक पूजन का आयोजन हुआ। यह आयोजन झारखंड हाई कोर्ट पूजा समिति की ओर से की गयी। इसमें यजमान के रूप में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, एडवोकेट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष रीतू कुमार, अधिवक्ता धीरज कुमार, नीता कृष्णा, अर्चना कुमारी, नवीन कुमार, कौशल मिश्रा, अभय मिश्रा, अशोक कुमार, विशाल तिवारी, नलिनी झा, प्राण प्रणय, झारखंड हाइकोर्ट के कोर्ट अधिकारी संजीव झा के अलावा अमित पांडे, कुंदन कुमार सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत भोग सह प्रसाद वितरण किया गया।

# कोडरमा में युवाओं ने निकाली आक्रोश रैली

कोडरमा (आजातद सिपाही)। रक्तवीर सेवा संघ कोडरमा, अखिल विद्यार्थी परिषद कोडरमा और डिफेंस फिजिकल सेंटर झुमरीतिलैया ने मिल कर कैंडल मार्च पैदल मार्च की रैली करमा से लेकर झुमरी तिलैया झंडा चौक तक निकाला। डिफेंस फिजिकल सेंटर के संस्थापक टेकलाल दास ने कहा कि देश बहुत ही नाजुक परिस्थियो से गुजर रहा है। शासन मे बैठे लोग हमारी माँ बहन बेटियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें। रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल ने कहा की इस घटना ने मुझे अंदर तक झकझोर कर रख दिया है।














































# जल-जंगल-जमीन का जब भी जिक्र होगा, वहां आदिवासियों की बात होनी ही है : सुखदेव भगत

**चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता





**चैनपुर।** आदिवासी एकता मंच के बैनर तले रविवार को विश्व आदिवासी दिवस चैनपुर बरवे मैदान में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में चैनपुर एवं जारी प्रखंड से लोग एकत्रित हुए। सर्वप्रथम अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर मालअर्पण कर अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक तरीके से नाचते गाते स्वागत कर मंच तक लाया गया एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। विभिन्न गांव से पहुंचे कई नृत्य मंडलियों के द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जिप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा अंग वस्त्र पारंपरिक आदिवासी गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज को एकजुट करने बच्चों को शिक्षित करने एवं गांव के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने के साथ समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत विशिष्ठ अतिथि सुनील केरकेट्टा, मरियानुस तिग्गा, जीप सदस्य चैनपुर मेरी लकड़ा,कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव उपस्थित हुए। आदिवासी दिवस के अवसर पर सुशील दीपक मिंज ने स्वागत भाषण देते हुए आदिवासी समुदाय की गरिमा और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आदिवासी हमारे देश की आत्मा हैं उनकी संस्कृति और परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। आज के दिन हम आदिवासियों के योगदान को सलाम करते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जंगल जमीन की जब भी बात होगी वहां आदिवासियों की बात होनी ही है। आदिवासी शुरू से ही जल जंगल व जमीन की रक्षा करते रहे हैं। जब तक हम अपनी संस्कृति को बचाकर नहीं रखेंगे तब तक हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं पूरे विश्व में अगर आदिवासियों को जोड़ने का कोई सूत्र मिला है तो वह 9 अगस्त मिला है।

वही मुख्य वक्ता ग्लेनसंग डुंगडुंग ने आदिवासी दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि आदिवासियों के बिना पर्यावरण और दुनिया का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होंने आदिवासियों को जागरूक करने का आह्वान किया और भाजपा पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आदिवासी धार्मिक समुदाय नहीं बल्कि नसली समुदाय हैं और उनकी जनसंख्या कम हो रही है। मौके पर मुख्य रूप से एकता मंच के संयोजक अल्बर्ट तिग्गा, उपाध्यक्ष एवं सलाहकार सुशील दीपक मिंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तर्री जंगल में स्कूटी और बोलेरो की टक्कर में दो युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर से सटे बायपास रोड स्थित तर्री जंगल मोड में स्कूटी सवार ने सामने से आ रहे बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास उपस्थित स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना गुमला थाना को दी। गुमला थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनों को सदर अस्पताल भेजवाया। जानकारी के मुताबिक स्कूटी से सवार दो युवक तर्री जंगल मोड में तेज रफ्तार से आए और सामने से आ रहे बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दिया। बोलेरो रघुनाथपुर मुरकुंडा जा रहा था। बोलेरो में महिलाएं व पुरुष सवार थे। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया दोनों युवक बड़ा खटंगा टोटो के रहने वाले हैं लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। वहीं दोनों युवक नशे में थे। तेज रफ्तार के कारण मोड़ में स्कूटी नहीं मोड़ पाये और असंतुलित होकर सीधे बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दिया इसके बाद सड़क पर ही गिर गये। स्कूटी चालक को सिर में गंभीर चोट लगी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी सांसे चल रही थी लेकिन उसकी भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। स्कूटी सवार दोनों युवक उर्मी की ओर से सिलम की ओर जा रहे थे जबकि बोलेरो सिलम की ओर से उर्मी की ओर जा रहा था तभी तर्री बाईपास मोड में यह घटना हुई। गुमला थाना की पुलिस स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को एंबुलेंस वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच कर चिकित्सक ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। एक युवक के पॉकेट से उसका पैन कार्ड मिला जिसमें नीतीश कुजूर का नाम लिखा हुआ है। वहीं पुलिस दोनों युवक के मोबाइल को अपने पास रखी है कॉल आने पर उनकी पहचान हो पायेगी। फिलहाल दोनों के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

# सिसई मातृ दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी

आजाद सिपाही संवाददाताा



**सिसई।** विश्व हिन्दू परिषद के इकाई मातृ दुर्गा वाहिनी सिसई की बहनों ने रविवार को सिसई थाना पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी व जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान दुर्गा वाहिनी की संयोजिका वैजयंती देवी ने कहा कि पुलिस कर्मी अपने घर परिवार को छोड़कर हमारी सुरक्षा व सेवा में दिन रात लगे रहते हैं। भाई-बहनों के अमिट प्रेम का पवित्र पर्व रक्षाबंधन में अपने बहनों की याद नहीं आए इसके लिए प्रति वर्ष हम दुर्गा वाहिनी की बहनें पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर पुलिस भाईयों के लंबे उम्र की कामना करते हैं। जिला सह मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि सनातन धर्म में भाई- बहनों के बीच एक दूसरे के लिए अमिट प्रेम, विश्वास व सम्मान के रिश्ते का प्रतीक पवित्र रक्षाबंधन का त्यौहार है। बहनें भाईयों की कलाई में राखी बांधकर उनके लंबी उम्र व स्वास्थ्य, समृद्ध जीवन की कामना करती हैं, वहीं भाई अपनी बहनों को रक्षा करने का वचन देता है। उन्होंने विहिप दुर्गा वाहिनी की बहनों को रक्षाबंधन और पुलिस भाईयों को रक्षा सुत्र बांधकर रक्षा बंधन मनाने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। थाना के मुंशी दीपक कुमार सिंह, एएसआइ शक्ति कुमार, एएसआइ कृष्ण कुमार पासवान, एएसआई रामानंद सिंह, चौकीदार गंगा राम गोप, रौशन जायसवाल, बाबूलाल सिंह खेरवार को बहनों ने राखी बांधने पर खुशी का इजहार किया और सभी को सुरक्षा आपका वचन दिया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद गुमला जिला सह मंत्री मनीष बाबू, प्रखंड मंत्री मदन साहु, बजरंग दल संयोजक सौरभ ताम्रकार, धर्म रक्षक पूर्णिमा देवी, संजय उरांव, संध्या, सपना, प्रीति, सुनीता, छोटी, अनिमा, सुष्मिता, रोशनी, करिश्मा, नेहा, कोमल, आंचल, रंजीता, शांति, सुखदेव महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# बकरी चोरी के मामले में दो लोगों की पिटाई के बाद माहौल तनावपूर्ण, पुलिस ने एक को छुड़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के टैंसेरा गांव में एक समुदाय के दो लोगों को बकरी चोरी के आरोप में पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इसमें एक नाबालिक लड़का जान बचाकर भागने में सफल रहा जबकि दूसरे युवक को पुलिस ग्रामीणों के जंगल से छुड़ाई। शनिवार की शाम करीब 6 बजे एक बाइक में सवार दो लोग टैंसेरा और गए थे। वही ग्रामीणों का कहना है कि दोनों एक बकरी को पड़कर बाइक में चढ़ा रहे थे तभी ग्रामीणों की नजर पड़ी और दोनों की जमकर पिटाई की गई। जिसमे से एक लड़का फरार हो गया। जबकि दूसरे लड़के को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया घटना की जानकारी पर एक समुदाय के लोग सैकड़ो की संख्या में गांव पहुंचे वहीं घटना की जानकारी पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव दलबल के साथ गांव पहुंचे और मामले को शांत करने की कोशिश की। करीब 4 घंटा के मशक्कत के बाद गौस नगर निवासी साजिद को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर रात 11 बजे सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों लड़के शनिवार की शाम करीब 6:00 बजे बाइक से टैंसेरा गांव की ओर गए थे जिसमें गौस नगर निवासी एक नाबालिक किशोर भी था। वहीं घायल ने बताया तेज रफ्तार में घर आ रहे थे तभी दो लोग गाली गलौज किया इसके बाद उन लोगों से मारपीट हो गई देखते-देखते कई ग्रामीण मारपीट करने लगे और दोनों को जंगल की ओर ले जाने लगे। तभी बबलू नामक एक युवक नाबालिक लड़का को उनके चंगुल से छुड़ाकर बाइक सहित घर भेज दिया। जबकि साजिद को ग्रामीणों ने अपने कब्जे में रखा। इसके बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में हाल के दिनों में ट्रैक्टर के ट्राली चोरी कर लिया गया था मामले को लेकर थाना में आवेदन भी दिया गया है। इस बार ग्रामीण चोरों की निगरानी कर रहे थे तभी शनिवार की शाम करीब 6:00 बजे दोनों लड़के खस्सी चोरी कर रहे थे। तभी दोनों लड़कों को रंगे हाथ पकड़ा गया था।

# आक्रोश रैली को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** आगामी 23 अगस्त को भाजपाइयों के युवा आक्रोश रैली सह रांची में मुख्यमंत्री आवास घेराव की तैयारी को लेकर घाघरा भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपाइयों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर जायसवाल ने की। वही मंडल अध्यक्ष किशोर जायसवाल ने कहा कि राज्य में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। निश्चित तौर पर यहां के लोगों को छलने व कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचार चारों ओर फैली हुई है। बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही रांची में आयोजित भाजपा के युवा आक्रोश रैली सह मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गयी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में श्याम किशोर पाठक, अरुंजय सिंह, मनोज सिंह, अविनाश गुप्ता, अमित ठाकुर, प्रवीण साहू, सुरेंद्र साहू, सोला सिंह, सप्पू प्रसाद, अनूप पांडे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शनिवार 17 अगस्त को लोहरदगा में विद्या भारती द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 24 पदक जीते। इस प्रतियोगिता में विद्या मंदिर गुमला को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गयी। शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग। प्रतियोगिता संस्कृत, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक, अंग्रेजी,संस्कृति बोध , पत्र वाचन, एवं आचार्य पत्र वाचन में विभाजित थे। शिशु वर्ग में संस्कृति बोध, कथोप कथन, संस्कृत, वैदिक गणित, में प्रथम स्थान वहीं संगणक तथा अंग्रेजी में द्वितीय , विज्ञान में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बाल वर्ग में संस्कृति बोध परियोजना, कथोपकथन, संस्कृत, वैदिक गणित में प्रथम तथा अंग्रेजी एवं संगणक में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में संस्कृत, संस्कृति बोध में प्रथम तथा वैदिक गणित, विज्ञान, संगणक, में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तरुण वर्ग में वैदिक गणित, विज्ञान, पत्र वाचन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आचार्य कल्याणी कुमारी ने पत्र वाचन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन आगामी प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ज्ञात हो कि विद्यालय से 68 भैया बहन तथा 6 आचार्यो की टोली लोहरदगा में प्रतियोगिता भाग लेने पहुंचे थे। भैया बहनों की सफलता से विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा सहित सभी अधिकारी बृंद ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# चौकीदार नियुक्ति की लिखित परीक्षा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के 18 परीक्षा केंद्रों में रविवार को ग्रामीण चौकीदार नियुक्ति की लिखित परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे 12:30 बजे तक आयोजित हुई।

बताया गया कि 226 पदो के लिए कुल 12,290 परीक्षार्थी ने फॉर्म भरा था। जिनमें से कुल 10897 परीक्षार्थी (80%) परीक्षा में शामिल हुए। इससे पूर्व उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों में स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती एवं उड़न दस्ता दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। कुल 18 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का आयोजन हुआ जो निम्न प्रकार से हैं, संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, लुथरन उच्च विद्यालय, उर्सुलाइन कांवेंट बालिका उच्च विद्यालय, संत पात्रिक उच्च विद्यालय, एसएस बालिका उच्च विद्यालय, एसएस +2 उच्च विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय, करंजटोली, संत अन्ना उच्च विद्यालय, दाउदनगर, पुग्गु, महिला महाविद्यालय पुग्गु, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अरमई, राजकीयकृत उच्च विद्यालय, टोटो, राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, मुरकुण्डा, पॉलटेकनीक कॉलेज चण्डाली, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, डॉन बोस्को स्कूल, नोट्रेडेम स्कूल बरटोली, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिलम, रायडीह। जय किसान उच्च विद्यालय माँझाटोली, रायडीह। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 100 मीटर की परिधि तक धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू किया गया था।

## घरेलू विवाद में युवक ने लगायी फांसी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के विंध्याचल नगर बरटोली निवासी अजय राम (35) ने घरेलू विवाद में आकर रविवार की दोपहर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अजय व उसकी पत्नी बुचन देवी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद अजय ने अपनी पत्नी को घर से भगा दिया। वहीं रविवार की सुबह चार बजे वह घर से निकल कर कहीं चला गया। उसके बाद सुबह 10 बजे अपना घर आया और कमरे में चला गया। जहां से वह काफी देर तक नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में गए। जहां देखा की वह फांसी के फंदे में झूल हुआ था। जिसके बाद परिजनों ने उसे स्कूटी के सहारे गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत अजय को मृत घोषित कर दिया।

# गुमला का मजदूर मुंबई से लापता, खोजबीन की गुहार




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कुलाबिरा बरटोली गांव के मजदूर युवक चौठा खड़िया उम्र लगभग 28, मुंबई के अंधरी ललित होटल के पास से अचानक लापता हो गया है। लापता होने सूचना वहां मौजूद गांव के ही एक मजदूर युवक ने परिजनों को फोन कर जानकारी दिया।

जिसके बाद मजदूर के परिजन काफी परेशान हो गए हैं अपने अस्तर से लापता मजदूर के बड़े भाई मनोज बिलुंग ने काफी खोजबीन कराने की कोशिश किया पर कोई जानकारी नहीं मिल पाया।

जिसके बाद मजदूर के बड़े भाई मनोज बिलुग अपने सहयोगियों के साथ पुरे मामले को लेकर गुमला पहुंचे और अपने लापता भाई चौठा खड़िया उम्र लगभग 28 साल को खोज बीन कराने का लिखित आवेदन मजदूर संघ सीएफटीयूआइ कार्यालय अजाद बस्ती रजा कलौनी में लिखित आवेदन दे कर मजदूर संघ सीएफटीयूआइ प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं गुमला जिला टीम को अपने खोया भाई चौठा खड़िया को खोजने का गुहार लगाया है।

# कान्वेंट स्कूल के पास बाइक से गिर कर दो महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के सिसई रोड स्थित कॉन्वेंट स्कूल के समीप महिला का साड़ी बाइक में फंसने से बाइक में सवार दो महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल एंबुलेंस की मदद से दोनों घायल महिला को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गुमला थाना के धनगांव निवासी सुकरो देवी और उसकी बहन बिरसो देवी साप्ताहिक बाजार आए थे। वही बरसो देवी के बेटे के बाइक में बैठकर अपने गांव जा रहे थे। तभी कान्वेंट स्कूल के समीप सुकरो देवी का साड़ी का आंचल बाइक के पीछे का चक्का में फस गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर गिरने लगी साथ ही बिरसो देवी भी अनियंत्रित होकर गिर गई। वहीं बाइक चला रहा युवक कुछ दूर आगे निकल गया जिससे दोनों महिला सड़क पर घसीटती रही। घटना में दोनों के सिर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

# हरिद्वार के 15 कांवरियों का सनातन मंच ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** हरिद्वार (उत्तराखंड) से पैदल यात्रा करते हुए देशभक्त प्रसिद्ध गायिका कवि सिंह अपने पंद्रह साथियों के साथ रामेश्वरम (दक्षिण भारत) तक हिंदू राष्ट्र यात्रा हिंदू जन जागृति हेतु सम्पूर्ण भारत पदयात्रा के लक्ष्य निर्धारण कर निकली है। पदयात्रा मार्ग में गुमला पहुंचने पर सनातन मंच के द्वारा सभी कांवड़ियों का स्वागत किया गया। कांवड़ियों के जाते में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल है। गायिका कवि सिंह ने बताया कि जगह-जगह पर विभिन्न हिंदू संगठन सहित सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। इसके बाद सनातन मंच के द्वारा सभी कांवड़ियों की अगुवाई करते हुए काली मंदिर तक पहुंचाया गया। जहां से पुनः कांवड़ियों का जत्था आगे के लिए प्रस्थान किया।

मौके पर विहिप अध्यक्ष अजय सिंह राणा सनातन मंच के संरक्षक शशिप्रिया बंटी, दिलीप जयसवाल, राजेश गुप्ता, राजेश सिंह, बबलू वर्मा, अनिकेत कुमार, अमन आनंद, अंकित विश्वकर्मा, उज्ज्वल केशरी, शिवम जयसवाल, छोटे सोनी, यसराज सिंह, श्याम गुप्ता, गोकुल अग्रवाल, मिथलेश कुमार, अनमोल लाल, पवन जयसवाल, आदर्श रंजन, सुमित कुमार, कुणाल कुमार सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के सदस्य शामिल रहे।

# आग से जलकर महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** थाना रोड सिसई निवासी संध्या देवी पति मनमीत कुमार शनिवार की दोपहर लकड़ी का चूल्हा जलाने के क्रम में जलकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला घर में लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने के लिए की किरोसिन के तेल का डिब्बा लायी और ढक्कन में डालकर केरोसिन तेल को लकड़ी के ऊपर डाली लेकिन तेल ज्यादा गिर गया। वहीं डब्बा खुला रह गया। इसके बाद वह झुक कर माचिस जलाई जिससे आग दहक उठा और महिला के नाइटी में आग पकड़ लिया। वही हड़बड़ी में केरोसिन तेल का डिब्बा भी गिर गया जिससे आग और दहक उठा और महिला का नाइटी जलने लगा। महिला चिल्लाते हुए घर के बाहर की ओर भागी तब तक घर के अन्य सदस्य आग लगी महिला को देखकर डर गये और उसे बुझाने के लिए पानी और कंबल वगैरह ढूंढने लगे। तत्काल महिला को कपड़ा व कंबल से ढका गया और किसी तरह आग बुझाया गया। घटना में महिला 70% के करीब जल गयी। इसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में महिला का कमर से ऊपर का हिस्सा बुरी तरह से जल गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जपला सरस्वती विद्या मंदिर में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं। जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ ही उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। श्रावन माह का समय चल रहा है। जिसमें सजावट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस समय भगवान शिव जी की पूजा की जाती है, इसलिए विद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, ताकि भैया-बहनों के अंतर्मन में भक्ति भाव जगे। उन्होंने बताया कि मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में कक्षा सप्तम से दशम तक के 86 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मार्गदर्शिका हर्षदा उपाध्याय ने सभी के लिए मेहंदी का प्रबंध कराया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी जी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी सिंह, द्वितीय प्रिया सिंह और तृतीय स्थान श्रुति कुमारी रही। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी विजेताओं का हौसला बढ़ाया। वहीं, प्रतियोगिता को सफल बनाने में छाया कुमारी, उषा कुमारी, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## बून स्कूल की छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**हुसैनाबाद 9आजाद सिपाही)।** भाई बहन के रिश्तों का प्रमुख त्योहार रक्षा बंधन के पूर्व बुन पब्लिक स्कूल की छात्राएं शनिवार को हुसैनाबाद थाना पहुंची और वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की कलाइयों पर राखी बांध कर रक्षा का वचन लिया। उनका मुंह मीठा कराया। वहीं पुलिस कर्मियो ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया और सुरक्षा का संकल्प लिया। मौके पर बुन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल बबीता सिंह, शिक्षक आदि उपस्थित थी।

## डैम में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत ग्राम पंचायत निवासी मनोज राम का 14 वर्षीय पुत्र काजू कुमार डैम में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वह शनिवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ पास के ही बटाने निचली डैम में नहाने गया था। उसके सभी दोस्त पानी से बाहर निकल आये पर वह कहीं नजर नहीं आया। इस बात की जानकारी उसके दोस्तों ने घर वालों को दी। वहीं ग्रामीणों के बड़ी मशक्कत से करीब तीन घंटे के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। उसका अंतिम संस्कार रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पास के ही स्मशान घाट पर किया गया।

## अत्याधुनिक पर्ल डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन



**हरिहरगंज/पलामू 9आजाद सिपाही)।** शहर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के सामने एनएच 139 किनारे रविवार को पर्ल डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने किया। जिसमें दंत रोग से पीड़ित मरीजों का आधुनिक तरीके से इलाज होगा। सीएचसी प्रभारी डॉ गोपाल प्रसाद ने डॉ काजल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मरीजों के इलाज से सबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं डॉ काजल ने बताया कि यह डेंटल क्लीनिक अत्याधुनिक विधि से सुसज्जित है। मौके पर प्रो शैलेंद्र नारायण सिंह, डॉ अंबुज प्रकाश, पंकज कुमार, राणा प्रताप सिंह, रमेश ठाकुर, सरस्वती कुमारी, शैलेश कुमार, देवराज राम दौपती कुमारी आदि थे।

### डीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किया पौधरोपण का शुभारंभ

# योग्य लाभुकों को मिले बिरसा सिंचाई कूप का लाभः उपायुक्त

**आम बागवानी के साथ अन्य खेती कर अधिक लाभ अर्जित करने का बताया तरीका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन ने मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में क्रियान्वित बिरसा हरित ग्राम योजना का रविवार को पौधारोपण कर शुभारंभ किया। उन्होंने विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत में लाभुक राधा यादव के खेत व पाटन के सिक्की कला व मेराल गांव में बिरसा हरित ग्राम योजना का पौधारोपण कर शुभारंभ किया। उन्होंने बागवानी योजना से लाभुकों को होने वाले लाभ के बारे में बताया। कहा कि ऊपरी भूमि जिससे किसान को कम उपज होती है और केवल कुलथी, उरद आदि की खेती करते हैं। उनकी बहुत ही कम उपज में आमदनी होती है, जबकि आम बागवानी योजना से लाभुक एक वर्ष में लगभग 60 से 70 हजार रुपये तक की आमदनी एक एकड़ जमीन पर कर सकते हैं। साथ ही दो आम के पौधों के बीच के खाली जगह में अंतरवर्ती फसल व सब्जी का उत्पादन कर अल्पकालीन आय अर्जन कर सकते हैं। इस दौरान डीसी ने कहा कि कार्बन क्रेडिट एक नई योजना होगी जिसके तहत बागवानी के लाभुको को कार्बन क्रेडिट की भी राशि भुगतान कर लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बीडीओ को बिरसा सिंचाई कूप के लाभुको को बिरसा सिंचाई कूप का भी लाभ देने का निर्देश दिया। बताया कि बागवानी योजना के लाभुको को पौधा एवं खाद, उर्वरक, कीटनाशी, फफुंदनाशी आदि का लाभ निःशुल्क है। साथ ही मजदूरी करने वाले श्रमिकों को 1213 मानवदिवस का भी लाभ मिलेगा।



आम का पौधा लगाते डीसी शशि रंजन।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : डॉ शशिभूषण मेहता

**विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी हाई स्कूल मैदान में रविवार को स्वर्गीय रामा सिंह एवं स्वर्गीय विनोद सिंह की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच तेतराइ बनाम रतनपुर के बिच खेला गया। जिसका पांकी विधायक डॉ कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने किक मारकर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी किया। उन्होंने ने टूर्नामेंट आयोजन समिति को आर्थिक सहयोग भी किया। साथ ही टूर्नामेंट आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट आयोजन कराते रहें हम आपलोग के साथ रहेगें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, संजय वर्मा रामचरित्र सिंह, निरंजन सिंह, कपिलदेव सिंह, अजय कुमार सिंह, विशेष सिंह, आवेश कुमार, प्रेमचंद सिंह सहित सैंकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।



## चौधरी निषाद समाज ने आलोक चौरसिया के खिलाफ मोर्चा खोला

**10 साल में पांच काम भी नहीं गिनवा पाते हैं विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चौधरी निषाद समाज ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन किया, जिसमें उपस्थित ललन चौधरी ने कहा कि डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में चौधरी निषाद समाज का वोट 25000 से अधिक है जो 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में आलोक चौरसिया को अधिकांश वोट देकर विधायक बनाया। लेकिन लगातार विधायक रहे आलोक चौरसिया ने चौधरी समाज के लिए कोई काम नहीं। कई बार समाज के लोगों ने एक निषाद भवन बनवाने की मांग की, लेकिन विधायक ने उसे आज तक नहीं बनवाया। चौधरी समाज बहुल आबादी होने के बावजूद आज तक कभी प्रखंड स्तर का भी विधायक प्रतिनिधि नहीं बनाया . आज भी इस क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में सड़क की स्थिति खराब है। कई ग्रामीण इलाकों में पुल पुलिया नहीं होने से हल्की बारिश में भी आवागमन बाधित हो जाती है। स्कूल की गाड़ी फंस जाती है जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। कई क्षेत्रों में नाली निर्माण नहीं होने के कारण गरीब गुरबो के मिट्टी के घर पानी में डूबते नजर आए। इन समस्याओं के समाधान के लिए जब विधायक जी के पास बात रखी जाती है तो विधायक उन लोगों को विरोधी बोलना शुरू कर देते हैं। ललन चौधरी ने कहा कि अपने मजबूत जनाधार एवं हर गरीब मजदूर किसान और सभी समुदाय सभी वर्ग के साथ मिलकर नेतृत्व करने की तैयारी कर ली गयी है। आगामी विधानसभा चुनाव में सभी लोगों के सहयोग से चुनाव लड़ने को तैयार हूं। मौके पर धर्मेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, दीनानाथ चौधरी, पिंटू चौधरी, अशोक चौधरी आदि उपस्थित थे।



### आलोक चौरसिया की हार तय : राजकुमार चौरसिया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डाल्टनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित कोशियारा ग्राम में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गीरीवर प्रसाद चौरसिया व संचालन धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया ने किया। बैठक में सभी ने एकक स्वर में विधायक पर 10 वर्षों में कोई काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए चौधरी समाज से छलावा करने का आरोप लगाया। ललन चौधरी ने कहा कि इस बार आलोर चौधरी की हार तय है।

## कैंडिल मार्च निकाल कर दोषियों को सजा देने की मांग

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पतालस में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध खुला मंच ने रविवार को एमएमसीएच परिसर से कैंडल मार्च निकाला, जो विभिन्न मांर्गों से होते हुए डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर पहुंचा। वहां दिवंगत डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी गयी। कैंडल मार्च का नेतृत्व अमित सिन्हा व बबलू चावला ने किया। सभी ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

## जन आक्रोश रैली में भाग लेने को लेकर भाजयुमो की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड अंतर्गत संत जेवियर्स स्कूल में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल प्रजापति ने की। बैठक में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा आक्रोश रैली के प्रभारी राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह मौजूद थे। इस दौरान रांची के मोराबादी मैदान में 23 अगस्त को युवा मोर्चा की ओर से आयोजित होने वाली आक्रोश रैली को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड के हजारों युवा 22 अगस्त को रांची रवाना होंगे। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड सरकार के खिलाफ राज्य के युवाओ में आक्रोश है। सत्ता में आने के बाद पढ़े लिखे युवाओं से सिर्फ चलावा ही किया गया। चार वर्षों में युवाओं को रोजगार नहीं मिला। सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए नियोजन नीति को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रखा है। इसे लेकर राजीव रंजन ने 23 अगस्त को मोराबादी मैदान में लाखों की संख्या में भाग लेने के की अपील की है। बैठक में संतोष गुप्ता, विजय प्रजापति, कृष्ण कुमार, मंजू देवी, प्रमिला देवी, अनीता देवी, अनिल राम आदि थे।

## मृतका के परिजनों से मिली अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर बारालोटा में कुलदीप तिवारी की पत्नी की निधन की सूचना पाकर उनके घर पहुंची औरशोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। अरुणा शंकर ने कहा कि जब मैं वहां पहुंची तो अगल-बगल के लोग कुलदीप तिवारी की पत्नी के मिलनसार स्वभाव की तारीफ कर रहे थे। मैं उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना करती हूं। दुख की इस घड़ी में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के साथ मनु प्रसाद तिवारी, सुनील पांडेय, नित्यानंद तिवारी, सुभक तिवारी, प्रभात तिवारी, सुनील तिवारी, निलेश पांडेय, मनोज तिवारी के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

































### केशव महतो कमलेश के झारखंड कांग्रेस का अध्यक्ष बनने पर धनबाद के कांग्रेसियों में हर्ष, दी बधाई

# केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में और मजबूत होगी कांग्रेस : ब्रजेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कांग्रेस नेताओं ने रविवार को धनबाद परिसदन में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता झारखंड कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने की।इसमें केशव महतो कमलेश को झारखंड कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना एवं बधाई दी गयी। सभी नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का आभार प्रकट करते हुए बताया कि केशव महतो कमलेश पार्टी के बहुत पुराने एवं जमीन से जुड़े नेता है। पूर्व में वे रांची जिले के सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं संयुक्त बिहार के मंत्री भी रह चुके हैं। संगठन में भी वे झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, जोनल कोऑर्डिनेटर एवं अन्य दायित्व को सफलतापूर्वक निर्वाह किए है। हमें पूर्ण विश्वास है कि केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पूरे झारखंड में कांग्रेस और मजबूत होगा एवं आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में फिर से गठबंधन की सरकार बनेगी। वहीं, बधाई देने वालों में मदन महतो, शमशेर आलम, वैभव सिन्हा, डुगर सिंह, पंकज राय, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, प्रभाकर नोनिया, वीरेंद्र गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, इम्तियाज आलम, पप्पू अरोड़ा, रणधीर ठाकुर माधव सिंह प्रदीप पांडे मनोज सिंहआमिर खान, बबलू दास, मंटू दास ,राजू दास, राजेश्वर राहुल यादव, दिलीप मिश्रा और राहुल राज आदि शामिल थे।



धनबाद परिसदन में रविवार को आयोजित बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह व अन्य।

# अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित सिद्धार्थ का अब होगा इलाज

**रंग लाया आरकेएमयू की वर्किंग प्रेंसिटेंड अनुपमा सिंह का प्रयास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** अप्लास्टिक एनीमीया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित झरिया लोदना क्षेत्र निवासी शशि कुमार भगत के पुत्र सिद्धार्थ भगत (10) को बचाने को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) की वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह ने विगत 28 जून को बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ वार्ता कि थी। क्योंकि उसके पिता शशि की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण वह अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित अपने बेटे सिद्धार्थ का सही से इलाज नहीं करवा पा रहा है। शशि ने अनुपमा सिंह से मदद की गुहार लगाई थी।जिसके बाद अनुपमा सिंह ने विगत दिनों अस्पताल जाकर बच्चे और उसके परिजनों से मुलाकात किया था। साथ ही सुपरीटेंडेंट एवं डॉक्टर से वार्ता कर सिद्धार्थ की जान बचाने की पहल की थी। बीसीसीएल सीएमडी सिमरल दत्ता से वार्ता कर पत्र सौंपा था जिसमें सिद्धार्थ का इलाज सीएसआर फंड के तहत करने की मांग की गयी थी, जो एसएनएमसीएच और बाल विभाग में भर्ती है। बीसीसीएल ने संज्ञान लेते हुए इलाज के लिए फंड एलोकेशन निधि आवंटन का पत्र जारी किया है। जिस कारण अब उसका इलाज बाल सेवा योजना के तहत हो सकेगा।



# स्व रामजी यादव की मनायी गयी 10वीं पुण्यतिथि उनके दिखाये मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व राम जी यादव की 10वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। उनके पुत्र रोहित आर्यन, भाई सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, दीपक प्रामाणिक, सौरभ पांडे, अखिलेश दूबे, जॉनी सिन्हा, अजय ठाकुर आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल सहित आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल बुजुर्ग लोगों ने उनकी तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में भी स्वर्गीय रामजी यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्टेट बार काउंसिल के को-चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी ने स्वर्गीय राम जी यादव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सुरेंद्र यादव रोनित आर्यन प्रिंस कुमार, अजय ठाकुर, दीपक प्रमाणिक, करण तिवारी आदि ने स्वर्गीय राम जी यादव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। बतातें चलें कि रामजी यादव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। रामजी यादव का सपना था की धनबाद जिले में एक वृद्ध आश्रम की स्थापना की जाए। रामजी यादव की देखरेख में लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम की स्थापना साल 2006 में अपने दोस्तों स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं नौशाद गद्दी के साथ मिलकर लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम की स्थापना की थी। मगर आज स्वर्गीय राम जी यादव और मनोरंजन सिंह इस दुनिया में नहीं है। लेकिन उनके सपनों को साकार करने में उनके दोस्त एवं लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सुधीर वर्णवाल सहित आश्रम के सभी सदस्य गण लगे हुए हैं। इस अवसर पर झारखंड बार के को चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि रामजी यादव हमारे बहुत करीबी मित्र थे। उनकी हमेशा समाज के प्रति अच्छी सोच थी। उन्हीं की है की आश्रम का निर्माण हुआ, जो अच्छी तरह चल रहा है। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी ने कहा कि आज हमारे दोस्त स्वर्गीय राम जी यादव की 10वीं पुण्यतिथि आश्रम में मनायी जा रही है।



# धनसार में स्क्रैप लदे ट्रक की लूट, चालक की चालाकी से ट्रक बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** बोरागढ़ ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुतगड़िया मोड़ के समीप शनिवार की रात करीब आधा दर्जन लुटेरे के दल ने स्क्रैप केबल लदे ट्रक को अगवा कर लिया। ट्रक जामाडोबा टाटा गोदाम से लोड होकर महाराष्ट्र जा रहा था। ट्रक चालक रात में जैसे ही भुतगाड़िया के समीप पहुंचा तो वहां दो बाइक पर सवार चार लोग पहुंचे और ट्रक को रुकवा दिया। उनमें से एक ने स्क्रैप केबल लादे जाने का कागजात दिखाने को कहा।चालक जब ट्रक से उतरकर कागजात दिखा रहा था, तभी एक अन्य चार पहिया से पहुंचे दो लोगों ने चालक को हथियार का भय दिखा कर अपने कब्जे में ले लिया।जबकि बाइक सवार युवक ट्रक में बैठकर जबरन अज्ञात स्तान पर ले जाने लगे। अन्य युवकों ने ट्रक चालक को कार में बिटा लिया और इधर-उधर घुमाने के बाद होरलाडीह बस्ती के समीप चोड़कर भाग गये। वहीं, ट्रक में लदे केवल को पुटकी के पास ही पासी धोड़ा के समीप झाड़ियां में छिपा कर रख दिया। बाद में ट्रक चालक भटकते हुए झरिया थाना पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस तुरंत हरकत में आयी और बोरागढ़ ओपी प्रभारी को सूचना दिया। ट्रक में लगे जीपीएस के कारण ट्रक का लोकेशन सिंह नगर दिखाई दिया।जिसके बाद पुलिस ने पुटकी के पास पासी धोड़ा से झाड़ियां में छिपाकर रखें स्क्रैप केवल को बरामद कर लिया। साथ ही ट्रक चालक हरे राम साव की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान में जुड़ गई है। चालक का कहना है कि अगर अपराधी सामने आएंगे तो वह चेहरा पहचान लेगा। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुटी है।

# ब्रह्मर्षि परिवार के बालीडीह जोन के अध्यक्ष बने शंभू नाथ मिश्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** ब्रह्मर्षि परिवार की बैठक बिहार इंजीनियरिंग वर्क्स औद्योगिक क्षेत्र बालिडीह में हुई जिसकी अध्यक्षता शंभू नाथ मिश्रा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बालिडीह जोन के अध्यक्ष के रूप में शंभू नाथ मिश्र को नामित किया गया। साथ ही सुधीर कुमार सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे विजय प्रकाश तिवारी को सचिव, राजेश कुमार को सह सचिव नामित किया गया। जबकि सदस्यों में कृष्ण कुमार सिंह, संजीव कुमार चौधरी, राकेश कुमार सिंह, एनके सिंह, एमके पांडे, रमेश शुक्ला, रवि कुमार, निराला शर्मा, संजीव कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सदस्य प्रेम कुमार, कमलेश राय, देवनारायण सुधांशु, वरीय सदस्य सुशील ठाकुर, ब्रजकिशोर सिंह, अशोक मिश्रा, श्याम मनोहर सिंह, निवर्तमान उप महापौर अविनाश कुमार, प्रेमचंद सिंह, रतन कुमार सिंह, आदि ने अपने-अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने समाज में आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ाने पर जोर दिया।



# अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक में संगठन का विस्तार, मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** सेंट्रल कॉलोनी स्थित सांसद के आवासीय कार्यालय में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें संगठन की मजबूती और मजदूरों की समस्याओं के लेकर चर्चा की गयी।कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियां मजदूरों का शोषण करती है। एचपीसी द्वारा निर्धारित दर से कम वेतन दिया जा रहा है और 12 घंटे काम करवाया जाता है। मजदूरो को पीएमई और वीटीसी भी नहीं किया जाता है। वहीं, ढोरी, बीएंडके क्षेत्र के दर्जनों श्रमिको ने सदस्यता ग्रहण किया। ढोरी क्षेत्र से उपाध्यक्ष प्रेमचंद महतो, सह सचिव अशोक चौहान, ढोरी जीएम यूनिट संतोष कुमार रजक एवं राजू रविदास को यूनियन प्रतिनिधि, सेंट्रल अस्पताल से तरुण कुमार महतो एवं जयप्रकाश महतो को यूनियन प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। बीएंडके क्षेत्र के अध्यक्ष धनेश्वर महतो, सचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष भोला कुमार को मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ढोरी अध्यक्ष महेंद्र चौधरी एवं संचालन नरेश प्रसाद महतो ने किया। इस मौके पर एसडीओसीएम गोपाल कुमार, जितेश कुमार, एएडीओसीएम बबलू कुमार महतो, देवानद चंद्रवंशी, सुरेश महतो, रूपेश कुमार महतो, पवन सिंह और जगदीश महतो आदि मौजूद थे।



# कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या के प्रतिवाद में अभाविप का प्रदर्शन, बंगाल सरकार का पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी निर्मम हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की बेरमो शाखा की ओर से शहीद निर्मल महतो चौक के पास प्रदर्शन करते हुए बंगाल सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी। धनबाद विभाग संयोजक नवीन महतो ने कहा कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के विरुद्ध अभाविप बोकारो जिला भर में प्रदर्शन कर रही है। उक्त घटना के बाद से देश भर के लोगों में आक्रोश चरम पर है। अभाविप की मांग है फास्ट ट्रैक कोर्ट में बलात्कारीयों पर सख्त से सख्त फांसी की सजा होनी चाहिए और मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में उपद्रवी तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, वरिष्ठ नेता लक्ष्मण नायक, रमेश स्वर्णकार ने कहा कि कोलकाता में महिला डॉक्टर का बलात्कार और निर्मम हत्या पूरे देश को शर्मिंदा किया है। इसे देशवासी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि डॉक्टर लोगों की जान बचाने के कारण भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। पर डॉक्टर के साथ कोलकाता में ऐसी दरिंदगी सभी को शर्मसार किया है। मौके पर एबीवीपी कार्यकर्ता रोहित सिंह, गौरव सिंह, अमित भंडारी, विजय दुबे, आजाद कुमार, अंकुश सिंह बादल, आयुष अग्रवाल, अभिषेक दत्ता आदि थे।




# दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने को लेकर फुसरो बैंक मोड़ दुर्गा मंदिर पूजा कमेटी की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो स्थित आरएस कॉम्पलेक्स में रविवार को बैंक मोड़ दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संरक्षक दयानंद बरनवाल ने की। बैठक में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने पिछले साल के आय व्यय का ब्योरा पेश किया। वहीं, पूजा समिति अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष फुसरो बैंक मोड़ दुर्गा मंडप में शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से की जायेगी। कहा कि इस वर्ष विद्युत संचालित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसे हजारीबाग के मूर्तिकार द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई जाएगी। जिसके लिए आकर्षक पंडाल व इलेक्ट्रॉनिक एलईडी गेट बनाई जाएगी। कहा कि अगली बैठक 25 अगस्त को होगी। जिसमें नई कमेटी की घोषणा की जायेगी। मौके पर संरक्षक महारुद्र नारायण सिंह, मेला प्रभारी मनोज गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिव सिन्हा, घनश्याम प्रसाद, रवि छाबड़ा, नागेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुशांत राईका, प्रसादी महतो, संतोष सिंह, पंकज शर्मा,धर्मेंद्र सिंह , राजेश गुप्ता, मनोज शर्मा, संतोष गुप्ता, विजय प्रसाद, शंभू यादव, खिरोधर महतो आदि मौजूद थे।



## गांधीनगर तीन नंबर में भव्य दुर्गा पूजा मानने का निर्णय

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर तीन नंबर में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर रविवार को पूजा कमेटी एवं समाजसेवी की बैठक हुई। मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल महतो उर्फ टीपू महतो ने बैठक की अध्यक्षता की। जबकि संचालन फूलचंद महतो ने किया। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से सचिव एवं कोषाध्यक्ष चंदन कोल संरक्षक पूर्व मुखिया जितेंद्र कुमार बीस सूत्री सदस्य संतोष महतो, चंदन साव को चुना गया। यहां सरकारी कामगारों से सहयोग राशि 1750 रुपया तय किया गया।

### ऊपरघाट के पिलपिलो जंगल में मनाया गया वन महोत्सव

# जंगल है तो जीवन है, इसे बचाना सबकी जिम्मेदारी: पूनम देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ऊपरघाट।** ग्राम वन प्रबंधन, संरक्षण समिति व डीवीसी सीएसआर बोकारो थर्मल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ऊपरघाट स्थित पिलपिलो मोड़ में वन महोत्सव मनाया गया। जिसकी शुरुआत बरगद पेड़ की पूजा से की गयी। इसके बाद वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया। वन महोत्सव सभा को सम्बोधित करते हुए नावाडीह प्रखंड प्रमुख पुनम देवी ने कहा कि जंगल है तो जान है। कहा कि पूरे ऊपरघाट में जंगल बचाव के लिए हर गांव में वन समिति है जो अच्छे से अपना काम कर रही है जो सराहनीय है। वहीं ग्राम वन प्रबंधन व संरक्षण समिति के खिरोधर महतो ने कहा कि जंगल से हमारा पूराना नाता है।इसे बचा कर रखें। वहीं, डीवीसी डीजीएम बीजी होलकर ने कहा कि जंगल बचाने में डीवीसी हर समय मदद को तैयार है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगल बचाना जरूरी है।इस अवसर पर डीवीसी की ओर एक-एक पौधा वितरण कर मां के नाम से लगाने व बचाने को कहा गया। वहीं, जंगल बचाने में सहयोग करने वाले ग्रामीणों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री योगेंद्र कुमार रंजन, सीएसआर के भैरों महतो, किंग कोबरा के सुप्रीमो श्याम सुंदर महतो, गीता देवी, रेखा कर्मकार, वार्ड सदस्य नंदलाल मुंडा, किशोर कुमार महतो, कोलेश्वर रविदास, योद्धा महतो, मोतीलाल बेसरा, खेमलाल महतो, कमलदेव महतो, पंसस जगरनाथ महतो और मनोज महतो आदि उपस्थित थे।



पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधकर उसे बचाने का संकल्प लेती प्रखंड प्रमुख पुनम देवी, डीवीसी के जीडीएम बीजी होलकर व अन्य।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, अरगड्डा बना विजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**करगली/बेरमो।** करगली गेट स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबाल ग्राउंड में रविवार को समुत्कर्ष फाउंडेशन की ओर आयोजित छह दिवसीय ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ। उद्घाटन सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जीएम के रामाकृष्ण ने पौधा वितरण और बॉल को किक मार कर किया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का खिताब अरगडा के नाम रहा। विजेता अरगडा की टीम को कप और नकद 21000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले फाइनल प्रतियोगिता में अरगड्डा एवं झिरकी दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दोनों ही टीमों ने पेनाल्टी शूट आउट का सहारा लिया। इसमें अरगडा की टीम ने झिरकी को 2-1 से हरा दिया। वहीं, उपविजेता टीम झिरकी को कप और 11000 रुपये एवं तृतीय व चतुर्थ स्थान पर ढोरी के आने वाले टीम को कप और पांच-पांच हजार रुपये दिये गये। रेफरी की भूमिका एएल चक्रवर्ती, एसके मुखर्जी, राज सिंह,.लक्ष्मण यादव, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, चिंतामन महतो व राजवीर ने निभायी। जीएम के रामकृष्ण और बेरमो सीओ संजीत कुमार ने कहा कि खेल से जुड़ा व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। खेल शारीरिक-मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है।

## पूर्व तट रेलवे ने एक और मील का पत्थर हासिल किया

# पहली बार बौध जिला रेल से जुड़ा

- सोनपुर-झरमुंडा रेल खंड पूरा हो गया, इंजन रोलिंग प्रयोग सफलतापूर्वक पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लिंक परियोजना (301 किमी) ने रविवार को एक और मील का पत्थर हासिल किया। झरमुंडा-बौध रेलवे खंड 16.27 किमी की दूरी पूरी कर ली गयी है और नयी लाइन पर प्रायोगिक इंजन रोलिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गयी है। इसके अलावा सोनपुर-पुरूणापाणी-झरमुंडा खंड के बीच 29.75 किलोमीटर लंबे रेल खंड का भी पहले निरीक्षण किया गया था। खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना की कुल 301 किलोमीटर में से 183 किलोमीटर रेल लाइन चालू हो चुकी है। अब तक, खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 106 किलोमीटर और बलांगीर से झरमुंडा तक 77 किलोमीटर की सड़क चालू हो चुकी है। इसके अलावा झारमुंडा से बौध तक 16.27 किमी की दूरी भी पूरी हो गयी है। बौध से पुरूणाकटक तक लगभग 27 किलोमीटर का खंड अगले कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। इस प्रकार बौध जिला मुख्यालय अब रेलवे नेटवर्क के माध्यम से पश्चिमी ओडिशा से जुड़ा हुआ है।

खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना का निर्माण लक्ष्य समय सीमा के भीतर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने ग्राहकों को किया पुरस्कृत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** बुर्ला पश्चिम ओड़िशा की बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा घोषित 'पे एंड विन' योजना के तहत नियमित बिजली बिल भुगतान करने वालों और जिन लोगों पर कोई बकाया नहीं है, उनके बीच एक 'लकी ड्रा' के माध्यम से 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अक्टूबर को पुरस्कार प्रदान किये गये हैं ।

बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए पिछले जुलाई से 'पे एंड विन' योजना शुरू की है। इस कार्यक्रम के तहत कंपनी के सभी 57 उपमंडलों में मौजूद ऐसे ग्राहक जो नियमित रूप से अपने बिजली बिल का भुगतान करते हैं और उन पर कोई पिछला बकाया नहीं है, उन ग्राहकों के बीच एक लकी ड्रॉ की घोषणा की गयी है। इसमें 171 ग्राहकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक मोबाइल फोन, द्वितीय पुरस्कार के रूप में एक म्यूजिक प्लेयर और तृतीय पुरस्कार के रूप में एक सोलर लैंप दिया जायेगा। कार्यक्रम के अनुसार सभी 57 उप-मंडलों में लकी ड्रॉ के माध्यम से 3 ग्राहकों का चयन किया जाता है और सभी उप-मंडलों में हर महीने पुरस्कार दिये जायेंगे।

# बाबूलाल मरांडी और लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया शिलान्यास



रोड मरम्मत कार्य का शिलान्यास करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

- गिरिडीह जिला क्षेत्र के बेलवाना से मंसाडीह तक रोड की मरमती की जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा गिरिडीह के तिसरी प्रखंड अंतर्गत बेलवाना से मांसाडीह तक रोड मरम्मत को लेकर शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गरीब मजदूरों से मिल कर सांत्वना दी कि आप लोगों को हर सुख-दुख में हमेशा बने रहेंगे। यह सुन कर उपस्थित लोगों ने कहा कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में आशीर्वाद देने के लिए हम लोग भी आपके साथ हैं। इसके बाद भाजपा के प्रखंड स्तरीय नेता समाजसेवी सुरेश सिंह के निधन के सूचना मिलते ही लक्ष्मण सिंह और अर्जुन यादव परिजनों से मिले और सांत्वना दी।

इस मौके पर अर्जुन यादव, तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, मनोज यादव, अशोक उपाध्याय, सुनील साव समेत कई लोग उपस्थित थे।


# टीपीडब्ल्यूओडीएल कार्यालय में प्रवीण कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला पश्चिम ओड़िशा में टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया और राज्य एवं देश की प्रगति में योगदान देने की मुख्य कार्यकारी अधिकारी की सलाह को स्वीकार किया। इसी प्रकार टीपीडब्ल्यूओडीएल के सभी 5 मंडलों और अन्य कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।




























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**